चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 141, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 19 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# हरियाणाः शाह ने फूंका लोकसभा चुनाव का बिगुल

## 'कांग्रेस ने दरबारी, दामाद-डीलरों की 3डी सरकार चलाई', हरियाणा के खिलाड़ी धाकड़, हर तीसरा मेडल इन्हीं का: शाह

**हिसारः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हरियाणा में 2024 के लोकसभा चुनाव कैंपेन का आगाज कर दिया है। रविवार को सिरसा पहुंचे शाह ने कांग्रेस और पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा पर करारे तंज कसे। शाह ने कहा-" कांग्रेस ने हरियाणा में 3डी सरकार चलाई। पहला डी दरबारी, दूसरा डी दामाद (दिल्ली वाले) और तीसरा डी डीलर। सीएम मनोहर लाल के आने के बाद तीनों डी खत्म हो गए। पहले रोहतक का मुख्यमंत्री होता था, किसी की चिंता नहीं करता था। मनोहर लाल ने पूरे हरियाणा का विकास किया।" इस दौरान शाह ने हरियाणा के खिलाड़ियों की भी जमकर तारीफ की। शाह ने कहा- "हरियाणा खिलाड़ियों की भूमि है। देश को मेडल मिलता है तो हर तीसरा खिलाड़ी हरियाणा का होता है। मैंने सीएम को कहा कि धाकड़ खिलाड़ियों के लिए कुछ करिए और उन्होंने किया"। शाह ने हरियाणा से अगले साल भी लोकसभा की सभी 10 सीटों पर जिताकर नरेंद्र मोदी को तीसरा बार देश का प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

**हुड्डा गेहूं-धान खरीद का हिसाब लाएं:** मैं भूपेंद्र हुड्डा को चैलेंज करता हूं कि वे हिसाब लेकर आएं कि सबसे ज्यादा गेहूं-धान किसने खरीदा। सबसे ज्यादा मोदी सरकार ने खरीदा है। भूपेंद्र हुड्डा बताएं कि जब केंद्र व हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी तो हरियाणा को क्या मिला। इन्होंने 40 हजार करोड़ दिया। मोदी सरकार ने 1 लाख 20 हजार करोड़ दिया।



**संकट के वक्त पंजाब-हरियाणा खड़े:** जब भी देश पर संकट आया, पंजाब और हरियाणा की भूमि ने देश के लिए बलिदान देकर सुरक्षित रखा। हरियाणा की माताओं ने देश को अनेक बलिदानी दिए। जब देश में संकट आया तो पंजाब और हरियाणा के किसानों ने अनाज उपलब्ध कराया।

**राहुल गांधी ने कोविड पर राजनीति की:** कोविड के वक्त भी राजनीति की गई। राहुल बाबा ने कहा कि कोविड का टीका मत लगाओ। फिर अंधेरे में जाकर खुद ये टीका लगवाया।

**10 दिन में पाकिस्तान को जवाब दिया:** 9 साल पहले आए दिन पाकिस्तान से आतंकवादी यहां घुसकर सर काट कर ले जाते थे। मनमोहन-सोनिया सरकार कुछ नहीं करती थी।

### 10 कमल खिलाएंगे: सीएम खट्टर

**रैली** में उट मनोहर लाल ने कहा-"सिरसा प्राचीन शहरों में से हैं। यहां के लोग धार्मिक, सामाजिक लोग है। सिरसा गुरुद्वारों, मंदिरों और सत्संगों की धरती है। यहां आस्था के बहुत बड़े केंद्र है। हमारे पहलवान, हमारे खिलाड़ी, हमारे जवान धाकड़ है। पिछली बार प्रदेश में 10 के 10 कमल खिलाए थे। इस बार भी 10 कमल खिलाएंगे और केंद्र में मजबूत सरकार बनाएंगे।

सांसद सुनीता दुग्गल की तारीफ की

अमित शाह ने सिरसा से सांसद सुनीता दुग्गल की खूब सराहना की। उन्होंने कहा कि लोगों के काम के लिए वह दिल्ली में सबसे लड़ती हैं। गिड़गिड़ाती भी हैं, लेकिन काम करवाकर ही मानती हैं।

**शाह के बाद भारत की तरफ देखने की किसी की हिम्मत नहीं:** रैली में बीजेपी के हरियाणा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि हमारे हरियाणा का ऐसा कोई गांव नहीं है, जिसका कोई बच्चा कश्मीर में शहीद न हुआ हो। जब से इनके पास कमान आई है तो किसी की हिम्मत नहीं है कि वह भारत की ओर देख सकें। सिरसा के लोग भक्ति के भाव है। सबसे ज्यादा धार्मिक डेरे सिरसा में है।

## रक्षा मंत्रालय 19-20 जून को करेगा चिंतन बैठक

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय बेहतर शासन और कामकाज के लिए अपने विभागों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए 19-20 जून को नई दिल्ली में चिंतन बैठक करेगा। रक्षा विभाग, रक्षा उत्पादन विभाग, सैन्य मामलों का विभाग (डीएमए), पूर्व सैनिक कल्याण विभाग ने विभिन्न मुद्दों की पहचान की है, जिन पर रक्षा विभागों के अधिकारी विशेषज्ञों के साथ अपने विचारों को साझा करके चर्चा करेंगे।



रक्षा मंत्रालय अपने विभागों के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करने और बेहतर शासन देने के लिए दो दिवसीय चिंतन बैठक का आयोजन कर रहा है, ताकि इनका समाधान करके नए विचारों को विकसित किया जा सके। रक्षा विभाग राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए व्यापक दृष्टिकोण, साइबर सुरक्षा चुनौतियां, राष्ट्रीय सूचना सुरक्षा नीति और दिशा-निर्देश, निष्पादन लेखापरीक्षा, सैनिक स्कूल शिक्षा प्रणाली और रक्षा अधिग्रहण में क्षमता निर्माण विषयों पर विचार विमर्श करेगा।

## आपातकाल की यातनाएं बता सकती हैं लोकतंत्र की अहमियत: मोदी

### 'मन की बात': पीएम ने में खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में आपातकाल के दौरान राजनीतिक बंदियों को दी गई यातनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आजादी के अमृतकाल में हमें लोकतंत्र के खिलाफ हुए इस अपराधों को याद रखना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात के 102वें एपिसोड में कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। हम अपने लोकतांत्रिक आदर्शों और संविधान को सर्वोपरि मानते हैं। ऐसे में हम 25 जून को कभी नहीं भुला सकते। यह वही दिन है जब हमारे देश पर आपातकाल थोपा गया था। यह भारत के इतिहास का काला दौर था। लाखों लोगों ने आपातकाल का पूरी ताकत से विरोध



किया था। लोकतंत्र के समर्थकों पर उस दौरान अत्याचार किया गया था। इतनी यातनाएं दी गईं कि आज भी मन सिहर उठता है। इन अत्याचारों पर कई पुस्तकें लिखी गई हैं। स्वयं उन्हें भी पुस्तक लिखने का मौका मिला। कुछ दिनों पहले उन्होंने ऐसी एक पुस्तक देखी टॉर्चर ऑफ पॉलीटिकल प्रिजनर्स इन इंडिया। पुस्तक में वर्णन किया गया है कि इमरजेंसी के दौरान कैसे उस समय की सरकार लोकतंत्र के रखवालों पर क्रूरता से व्यवहार कर रही थी। इसके बारे में जानकार आज की युवा पीढ़ी को लोकतंत्र के मायने और उसकी अहमियत समझने में और ज्यादा आसानी होगी। प्रधानमंत्री ने आज जल संरक्षण, आपदा प्रबंधन, निक्षय मित्र, पेड़ लगाने की मियावाकी पद्धति, जम्मू-कश्मीर में बढ़ता डेयरी उद्योग, खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन, छत्रपति शिवाजी महाराज, योग दिवस, जगन्नाथ यात्रा, आपातकाल जैसे कई विषयों पर अपने विचार रखे। प्रधानमंत्री ने आज आपदा के समय भारत के लोगों के सामूहिक बल, सामूहिक शक्ति और चुनौतियों का हल निकालने की क्षमता की प्रशंसा की।

## भाजपा 2014 में यूपी से आयी, 2024 में यूपी से ही होगी बाहर : अखिलेश

**फिरोजाबाद।** समाजवादी पार्टी(सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को फिरोजाबाद में भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। सरकार की लापरवाही के कारण बनी हुई, सारी व्यवस्थाएं फेल हो गई है। पुलिस की 100 नम्बर गाड़ी व एम्बुलेंस व्यवस्था फेल कर दी। इसलिये भाजपा 2014 में यूपी से सत्ता में आई थी और 2024 में यूपी से ही सत्ता से बाहर जाएगी।

वह रविवार को टूंडला में पूर्व एमएलसी उदयवीर यादव के पिता के निधन पर उनकी त्रयोदशी संस्कार में भाग लेने पहुंचे थे। इस दौरान वह मीडिया से भी रूबरू हुए। उन्होंने गर्मी से हुई मौतों को लेकर कहा कि यह सरकारी लापरवाही है, सरकार को समय पर



उपचार का इंतजाम करना चाहिये था। इस सरकार ने अच्छी खासी चलती हुई एम्बुलेंस व पुलिस की 100 नम्बर गाड़ी की व्यवस्था को खराब कर दिया। भाजपा ने पिछले छह साल में एक भी अस्पताल नहीं बनाया, जिसमें गरीब का इलाज हो सके। भाजपा सरकार में पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक मुसलमानों के साथ भेदभाव हो रहा है। मंहगाई चरम सीमा पर है। किसानों को एमएसपी नहीं मिल रही है। जो सरकार किसानों को लाभ नहीं दे पा रही है, वह सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात कर रही है। भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा महिलायें, बेटियां असुरक्षित है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता खुद थाने में घुसकर अपहरणकताओं को बचायेंगे, भाजपा के लोग खुद दंगे करायेंगे तो क्या कानून व्यवस्था सही हो सकती है। उन्होंने पुलिस पर भी चांदी चोरी व वसूली करने का आरोप लगाया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर चुटकी लेते हुये उन्होंने कहा कि यह ट्रेंड लोगो हैं। उन्हें भाजपा ने केवल बोलने के लिये रखा है। कहा कि लोकसभा चुनाव जब भी हो समाजवादी लोग पूरी तरह से तैयार हैं और जीत हासिल करेंगे।

## राम मंदिर से पहले रामजन्मभूमि पथ का होगा विकास

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य अयोध्या को दुनिया की सुंदरतम नगरी बनाना है। इसके अनुरूप जल्द ही अयोध्या का स्वरूप बदला नजर आएगा। सनातन धर्म के केंद्रबिंदु अयोध्या में पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक रूप से तेज गति से सुनियोजित विकास किया जा रहा है। हर कार्य प्राथमिकता से कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने विगत दिनों समीक्षा बैठक में वरिष्ठ अफसरों को निर्देश दिया था कि समय-समय पर अयोध्या आकर भौतिक स्थलीय सत्यापन करें।

## गोरखपुर स्थित गीता प्रेस को मिलेगा 2021 का गांधी शांति पुरस्कार




**नई दिल्ली: वर्ष** 2021 का गांधी शांति पुरस्कार गीता प्रेस, गोरखपुर को प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली जूरी ने रविवार को विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से इस संबंध में निर्णय लिया। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अनुसार अहिंसक और अन्य गांधीवादी तरीकों के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में उत्कृष्ट योगदान के लिए गीता प्रेस, गोरखपुर को वर्ष 2021 के गांधी शांति पुरस्कार के लिए चुना गया है।

पुरस्कार मानवता के सामूहिक उत्थान में योगदान देने के लिए गीता प्रेस के महत्वपूर्ण और अद्वितीय योगदान को मान्यता देता है। यही सच्चे अर्थों में गांधीवादी जीवन का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गीता प्रेस को अपनी स्थापना के सौ साल पूरे होने पर गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाना संस्थान द्वारा सामुदायिक सेवा में किए गए कार्यों की पहचान है। उल्लेखनीय है कि 1923 में स्थापित गीता प्रेस दुनिया के सबसे बड़े प्रकाशकों में से एक है। इसने अभी तक 14 भाषाओं में 41.7 करोड़ पुस्तकें प्रकाशित की हैं। इनमें 16.21 करोड़ श्रीमद्भगवद्गीता शामिल हैं। संस्था ने राजस्व सृजन के लिए कभी भी अपने प्रकाशनों में विज्ञापन पर भरोसा नहीं किया है।

गीता प्रेस अपने संबद्ध संगठनों के साथ, जीवन की बेहतरी और सभी की भलाई के लिए प्रयासरत है। गांधी शांति पुरस्कार महात्मा गांधी की 125वीं जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित आदर्शों को श्रद्धांजलि के रूप में 1995 में भारत सरकार द्वारा स्थापित एक वार्षिक पुरस्कार है। पुरस्कार राष्ट्रीयता, नस्ल, भाषा, जाति, पंथ या लिंग की परवाह किए बिना सभी व्यक्तियों के लिए खुला है।

## मानवता के लिए शांति का मार्ग प्रशस्त कर रहा ब्रह्माकुमारी संस्थान: बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने इस संस्थान के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह मानवता के लिए शांति और आनंद का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

बिरला ने कहा कि यह गर्व की बात है कि विगत लगभग 80 वर्षों से यह संस्थान आध्यात्मिक उन्नति, व्यक्तित्व में आंतरिक परिवर्तन तथा विश्व-समुदाय के पुनरुद्धार के लिए अमूल्य योगदान देता रहा है। शांति, अहिंसा और प्रेम पर आधारित सेवा-भावना के जरिए इस संस्थान ने शिक्षा, ग्राम-विकास, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण, आपदा प्रबंधन, दिव्यांगजनों की सेवा, अनाथ बच्चों के कल्याण तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि वह नई ऊर्जा, नए सामर्थ्य के बल पर सबके साथ मिलकर भारत के प्राचीन राजयोग के स्वर्णिम युग की पुनर्स्थापना कर रहे हैं।

## निर्माणाधीन सभी कार्य दिसम्बर तक पूरा करें : राजनाथ

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ में निमार्णाधीन रेल, राष्ट्रीय राजमार्ग,भूतल परिवहन मंत्रालय, लोक निर्माण विभाग के कार्यों को हर हाल में दिसम्बर 2023 तक पूरा करने के निर्देश दिये हैं।

राजनाथ सिंह अपने लखनऊ प्रवास के दौरान रविवार को कालीदास मार्ग स्थित आवास पर लखनऊ में उनके द्वारा स्वीकृत कराई गयी और कियान्वयन की जा रही विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में रेलवे,लोक निर्माण,राष्ट्रीय राजमार्ग और भूतल परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारियों ने राजनाथ सिंह को बताया कि गोमतीनगर में रेलवे प्लेटफार्म, स्टेशन बिल्डिंग और विभूतिखण्ड की ओर से प्रवेश का कार्य काफी पूरा हो चुका है। रेल स्टेशन वाशिंग लाइन और दो अतिरिक्त प्लेटफार्म का निर्माण पूरा हो चुका है। स्टेशन में प्रवेश हेतु माल बिल्डिंग का स्ट्रक्चर पूरा हो चुका है। अब एप्रोच फ्लाईओवर का निर्माण प्रारम्भ किया जा रहा है। रेल यात्रियों की टिकट और आरक्षण सम्बन्धी जानकारियों के लिए अति आधुनिक प्रणाली लगाई जा रही है और समस्त कार्य पूरे करके विभूतिखण्ड की ओर से प्रवेश और नई स्टेशन बिल्डिंग के संचालन आदि का कार्य दिसम्बर तक पूरा हो जायेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि ऐसी व्यवस्था की जाए कि सभी दिशाओं को जाने वाली गाड़ियों का सवारियां लेने और उतारने की व्यवस्था इस टर्मिनस से प्रारम्भ हो जाए लेकिन साथ ही साथ पूर्व में जिन स्टेशनों जो यात्री सुविधाएं हैं,

वे चलती रहें।

डी.आर.एम.उत्तर रेलवे सारा ने रक्षामंत्री को अवगत कराया कि लखनऊ में लगभग एक दर्जन रेल क्रॉसिंगों पर सुरक्षा की दृष्टि से रेल ओवरब्रिज / अण्डरपास का निर्माण करा दिया गया है।

### डीआरडीओ और नौसेना ने यूएवी की कमांड और नियंत्रण क्षमताओं का सफल प्रदर्शन किया

## पहला स्वदेशी ड्रोन तापस रखेगा सीमा पर नजर

**नई दिल्ली: डीआरडीओ** और भारतीय नौसेना की टीम ने स्वदेशी तापस ड्रोन की कमांड और नियंत्रण क्षमताओं का सफल प्रदर्शन किया है। कारवार नौसैनिक अड्डे से 148 किमी दूर आईएनएस सुभद्रा पर एक दूरस्थ ग्राउंड स्टेशन से किये गए प्रदर्शन में यूएवी ने निर्बाध रूप से 20 हजार फीट की ऊंचाई के आसपास उड़ान भरी। आईएनएस सुभद्रा ने 3.30 घंटे की उड़ान अवधि के दौरान 40 मिनट के लिए यूएवी संचालन को नियंत्रित किया। तापस ड्रोन केवल सीमाओं पर निगरानी रखने ही नहीं, बल्कि दुश्मनों पर हमला करने के लिए भी इस्तेमाल में लाया जा सकता है। डीआरडीओ ने रविवार को एक बयान में बताया कि भारतीय नौसेना की टीम



के साथ यह प्रदर्शन 16 जून को किया गया। स्वदेशी ड्रोन तापस ने 07.35 बजे कारवार नौसैनिक अड्डे से 285 किमी दूर एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर), चित्रदुर्ग से उड़ान भरी। यह प्रदर्शन कारवार नौसैनिक अड्डे से 148 किमी दूर आईएनएस सुभद्रा पर एक दूरस्थ ग्राउंड स्टेशन से किया गया। इसका मकसद तापस यूएवी की कमांड और नियंत्रण क्षमताओं को स्थानांतरित करना था। यूएवी ने 20 हजार फीट की ऊंचाई के आसपास उड़ान भरने का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। आईएनएस सुभद्रा ने 3.30 घंटे की उड़ान के दौरान 40 मिनट के लिए यूएवी संचालन को नियंत्रित किया। डीआरडीओ के अधिकारियों का कहना है कि स्वदेशी यूएवी को नियंत्रित करने के लिए आईएनएस सुभद्रा में एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन (जीसीएस) और दो शिप डेटा टर्मिनल (एसडीटी) स्थापित किए गए थे।

## अमेरिका-चीन के बीच तनाव कम करने को एंटनी शुरू हुई वार्ता

**बीजिंग। अमेरिका** और चीन के बीच तनाव कम करने के लिए रविवार को अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बीजिंग में उच्चस्तरीय कूटनीतिक वार्ता शुरू की। ब्लिंकन ने चीन के विदेश मंत्री छिन कांग के साथ बैठक की और अपनी यात्रा की आधिकारिक शुरूआत की। दोनों के रात्रिभोज पर भी चर्चा करने की संभावना है। वह सोमवार को कांग से दोबारा बातचीत करने के अलावा चीन के शीर्ष राजनयिक वांग यी और संभवतः राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी



चर्चा करेंगे। ब्लिंकन की उपस्थिति के बावजूद दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच मौजूद जटिल मुद्दों पर कोई भी महत्वपूर्ण सफलता मिलने की उम्मीद कम ही है। , क्योंकि हाल के वर्षों में अमेरिका

## खबर संक्षेप

### झुलसाने वाली गर्मी से तालाब, पोखरे नहर सूख गए पशु पक्षी सब बेहाल

धान की नर्सरी को छुटटा मवेशी अपना शिकार बना रहे हैं

**मऊआइमा।** इन दिनों पड रही भीषण गर्मी एंव शरीर को झुलसा देने वाली आग जैसे सूरज के रौब से पशु पक्षी इंसान सब बेहाल हो गए हैं।ऊपर से किसी तरह धान की नर्सरी डाल कर धान की रोपाई की तैयारी करने वाले किसान आवारा पशुओ से तंग आ कर परेशान हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा के सम्पूर्ण इलाके में ताल, तलैया, नहरों के सूख जाने से पशु पक्षी इंसान सब बुरी तरह सांसत में है। लोग बूंद बूंद पानी के लिए मोहताज हैं। किसान किसी तरह ट्यबवेल आदि से धान की नर्सरी लगाए हुए हैं। ताकि आने वाले वर्षा के समय धानों की रोपाई कर सकें। परन्तु उनकी धान की महंगी नर्सरी को आवारा छुटटे मवेशियों के शिकार हो जा रहे हैं। एक तो पानी की कमी दूसरे महंगे बीज तीसरा आवारा पशुओं ने किसानों को कहीं का नहीं छोड रहे हैं। जिससे किसान तंग आ चुके हैं।

# घर पर मेहमान बैठे थे, तभी पिता ने माह भर पहले ब्याही बेटी को मार दी गोली

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** चित्रकूट जनपद के मऊ थाना क्षेत्र में एक पिता ने अपनी बेटी को गोली मार दी। गोली मारने के बाद आरोपी फरार हो गया। यह घटना उस समय हुई, जब बेटी की विदाई के लिए ससुराल वाले उसके घर पहुंचे थे। बताया जाता है कि पिता बेटी की विदाई को राजी नहीं था, जबकि घरवाले तैयार थे। अचानक हुई इस वारदात से हर कोई हैरान रह गया कि आखिर ऐसा क्या हो गया जो पिता को अपनी ही उस बेटी गोली मारनी पड़ी, जिसे उसने माहभर पहले डोली में बिठाकर रवाना किया था। फिलहाल घायल नवविवाहिता को पहले प्रयागराज के सीएचसी शंकरगढ़ ले जाया गया, उसके बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक प्रयागराज जनपद के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के पूरे भट्ठ के रहने वाले चंद्रशेखर मिश्र के बेटे बबलू मिश्र की शादी बीते दस मई, 2023 को मऊ (चित्रकूट) बरियारी निवासी अभिमन्यु मिश्र की बेटी मुस्कान (19) से हुई थी। शादी में मुस्कान एक बार ससुराल आई थी। कुछ दिन रहने के बाद मायके चली गई थी। शनिवार को दूसरे पहर ससुराल पक्ष से कुछ लोग मुस्कान की विदाई के लिए बरियारी, मऊ पहुंचे थे। घर में मेहमान का स्वागत किया जा रहा था। घर के सदस्य बेटी की विदाई में व्यस्त थे। इसी दरम्यान मुस्कान और उसके पिता अभिमन्यु के बीच किसी बात को लेकर तकरार हुई और पिता ने बेटी को ही गोली मार दी। गोली लगते ही मुस्कान लहूलुहान होकर गिर पड़ी। लोग उसे बचाने के लिए दौड़े तो आरोपी पिता मौके से भाग निकला। आनन-फानन में मुस्कान को सीएचसी शंकरगढ़ लाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर करदिया गया। प्राथमिक छानबीन में पता चला कि पिता बेटी की विदाई के लिए तैयार नहीं था। सरेआम पिता के द्वारा बेटी को गोली मारने की घटना की खबर लगते ही मऊ थाने की पुलिस के साथ-साथ एसपी वृंदा शुक्ला भी मौके पर पहुंचीं।इस मामले में एसओ मऊ युवती का हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उसे सीएचसी शंकरगढ़ (प्रयागराज) ले जाया गया है। आरोपी पिता की तलाश की जा रही है।



घायल नवविवाहिता को पहले प्रयागराज के सीएचसी शंकरगढ़ ले जाया गया, उसके बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है

### पुलिस बूथ पर हमला पर प्रधानपति सहित आठ नामजद

एक अन्य गांव में घर में घुस कर मार पीट मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के कल्याणपुर पुलिस बूथ पर मजदूरों द्वारा काम करने परमारा पीटा गया तथा पुलिस ने ग्राम प्रधान पति सहित आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा के ग्राम कल्याणपुर स्थित विगत माह एक पुलिस बूथ का उदघाटन तत्कालीन एसीपी चिराग जैन आई पीएप ने किया था। बताते हैं कि तीन कमरों के इस बूथ में दो कमरों में ग्राम प्रधान पति ने भाडेदार बसा दिया था। जिसे पुलिस ने खाली करा कर बीच की दीवार तोड कर एक हालनुमा बनाने का काम मजदूरों से पुलिस करवा रही थी। आरोप है कि ग्राम प्रधान पति ने एतराज करते हुए मजदूरों को भगा कर अपने लोगों को मजदूरों को पीटवाए तथा काम न करने की बात कहे। जिसपर पुलिस ने एक मजदूर रोशनलाल पुत्र रामकिशुन की तहरीर पर पुलिस ने प्रधान पति रवींद्र कुमार उर्फ राजा , इन्द्रपाल ,विजय गौतम ,जीतेंद्र गौतम ,राजू गौतम ,अजय गौतम ,राहुल गौतम ,रोशन गौतम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम मदारी निवासनीय तस्लीम पुत्र हातिम अली का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुस कर मारा पीटा गया।तस्लीम ने मऊआइमा थाने में रशीद ,शमीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## न्यूज झरोखा

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात बनारसी मौर्या के आवास पर हुए इकट्ठे



**मेजा रोड।** भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कहा कि आज माननीय प्रधानमंत्री जी ने अपने मन की बात के कार्यक्रम में पर्यावरण के सरंक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रसिद्ध जापानी वनस्पति शास्त्री अकीरा मिया वाकी के तकनीक का उल्लेख किया है उससे आने वाले समय में भारत इस दिशा में एक क्रांति करेगा ।श्री शुक्ल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विगत एक वर्ष से प्रयागराज का जिला प्रशासन यहां की पंचायत ग्रीन इंडिया फाउंडेशन के साथ मिलकर मिया वाकी के विधि पर आधारित वृक्षारोपण अभियान चला रहा है उससे आने वाले दिनों में प्रयागराज जनपद पर्यावरण के प्रयासों का देश में अग्रेसर बनेगा ।इस अवसर पर विनय शुक्ला पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य मांडवी शरण दुबे , प्रधान रविन्द्र शुक्ल, राजपति शर्मा, बनारसी मौर्या, विनय प्रकाश, विश्वास शुक्ल, कृष्ण जी , ओम प्रकाश, बाबू लाल मौर्या, शिव दास, श्री कृष्ण शुक्ल,कृष्ण देव , दिलीप शुक्ल, शेखर द्विवेदी, हरी मोहन पांडेय, श्याम जी शर्मा , भोले सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

### जसरा और लालापुर मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



**जसरा।** रविवार को देश के प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा प्रसारित मन की बात कार्यकम का 102 वा एपीसोड भाजपा कार्यकर्ताओं ने यमुनापार के जसरा और लालापुर मंडल में सभी बूथों पर सुनते हुए कार्यक्रम की फोटो सरल एप/नमो एप पर अपलोड की बता दें कि जहां जसरा में भाजपा जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने अपने आवास पर दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम को सुना वही मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला महामंत्री नीरज केसरवानी ने जसरा पंचायत भवन में भूपेन्द्र पाठक ने परसरा बूथ पर ग्राम प्रधान जसरा आशीष सोनकर,दीपचंद्र मोदनवाल, आलोक पाठक, प्रवीण मालवीय, सुरेश मिश्रा, राकेश पाठक,अर्जुन विश्वकर्मा ने अपने अपने बूथों पर कार्यक्रम को सुनते हुए प्रधान मंत्री जी के बताएं गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। लालापुर मंडल अध्यक्ष वंदना सिंह महामंत्री शैलेंद पांडेय जिला प्रतिनिधि शंकर लाल पांडेय कप्तान सिंह होरी लाल केसरवानी ने अपने अपने बूथों पर सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम को सुना।

### मुस्लिम महिलाए बोली मोदी के बुनियादी सुविधाओं से कोई नहीं वंचित



**घूरपुर।** रविवार के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का आयोजन आश्रय गेस्ट हाउस मे किया गया। जिसमे भारी संख्या में सिर्फ मुस्लिम महिलाए शामिल रही। प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात सुनने के बाद शामिल महिलाएं एक स्वर में बोली की मोदी सरकार में राशन, बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से कोई वंचित नहीं है। महिलाओं को रसोई गैस सिलेंडर और शौचालय दिलाकर महिलाओं का जो मान बढ़ाया है उसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद भी दिया। कार्यक्रम के सयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल ने सरकार की 9साल की उपलब्धियां बताई। भाजपा किसान मोर्चा काशी प्रान्त उपाध्यक्ष रमा कांत विश्वकर्मा ने सरकार द्वारा महिलाओं को दी जा रही सुविधाओ की विस्तृत जानकारी दी। भाजपा जिला मंत्री मनोज गुप्ता ने कार्यक्रम में शामिल मुस्लिम महिलाओ को धन्यवाद अर्पित कर आभार प्रकट किया।

### कार्यकताओं ने 102 वां मन की बात सुन किया टिफिन सहभोज कार्यक्रम



**सहसों।** पीएम मोदी की एपिसोड 102 वां मन की बात कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बहुत ही ध्यान से पीएम मोदी के विचारों को सजगता से सुना। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं द्वारा अपने-अपने घरों से टिफिन लाकर टिफिन को साझा करते हुए सहभोज कार्यक्रम रखा गया। सहसों बाजार में बूथ संख्या 196 में बूथ अध्यक्ष जयेश केसरवानी के आवास पर जिला संयोजक नमामि गंगे भाजपा गंगापार राजधर द्विवेदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 102 वां एपिसोड में मन की बात कार्यक्रम को बहुत ही ध्यान से सुनें। जिसमें टीवी पर प्रसारित पीएम मोदी ने कहा बड़े से बड़ा, कठिन से कठिन चुनौती हो जिसको भारत के लोगों का सामूहिक शक्ति द्वारा हर चुनौती का हल निकल जाता है। मन की बात सुनने के पश्चात भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों से टिफिन ले आकर साझा करते हुए मिलजुल कर सहभोज कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा मनोज तिवारी, सेक्टर संयोजक सत्यम त्रिपाठी, कन्हैया लाल केसरवानी, रीतेश केसरवानी, संजय सोनी, के के सोनी, अमन, विजय, दुर्गेश सिंह सहित आदि कार्यकर्ता एवं बाजार वासी मौजूद रहे।

### अनुवां-चनेथू मार्ग जीर्ण शीर्ण अवस्था में आवागमन बाधित



**जंघई।** प्रतापपुर क्षेत्र की दर्जनों ग्रामीण सड़कें विगत कई वर्षो से मरम्मत के अभाव में जीर्ण शीर्ण हो गई है ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों के बार बार प्रार्थना पत्र देने के बावजूद जनप्रतिनिधि या विभागीय अधिकारी, लोकनिर्माण, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिकारी ध्यान नही दे रहे हैं।जिसके कारण सड़क पर आवागमन करने वाले आम नागरिकों, छात्रों वकीलों, व्यापारियों एवं अन्य मुसाफिरों मे आक्रोश है क्योंकि ग्रामीणों की सुनने वाला कोई नजर नही आ रहा है इस मार्ग पर 24 घंटे आवागमन होने के बावजूद मरम्मत नहीं हो रही है मिनटों का सफर घंटों मे तय करना पड़ रहा है ।प्रतिदिन दुर्घटनायें होती रहती हैं क्षेत्रवासी आक्रोशित व निराश है कि किससे गुहार लगाएं कोई सुनने वाला नही है।

### शंकरगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर चोर, दो मोटर साइकिल बरामद



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने एक शातिर चोर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर एक और मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज करते हुए चालान भेज दिया है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ पंकज माझी पुत्र समय लाल माझी (निवासी ग्राम लोनीपार, देवरा, शंकरगढ़) को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद हुई है। यह गिरफ्तारी क्षेत्र के लोनीपार रोड से वाहनों की चेकिंग के दौरान हुई। इसके बाद उससे पूछताछ की गई एक अन्य के घर से चोरी की एक और मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस ने दो मोटरसाइकिल बरामद करते हुए आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर चालान भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ शंकरगढ़ थाने में एक मामला पहले से दर्ज है।

## बंधक बनाकर यूवक के मुंह मे कपड़ा भर कर हत्या करने का प्रयास

न्याय के लिए दर दर भटक रहा है परिवार नहीं दर्ज हुआ मुकदमा



**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के मिश्र पट्टी गांव में एक यूवक को पकड़ कर लाया गया और उसे बंधक बना कर मुह में कपड़ा भर कर हत्या करने का प्रयास किया गया। पुलिस के पहुंचने के बावजूद मुकदमा नहीं दर्ज किया गया। भुक्तभोगी का परिवार न्याय के लिए भटक रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा के ग्राम मिश्र पटटी निवासी सुभाषचंद्र पुत्र गिरधारी लाल का आरोप है कि वह अनुसूचित जाति का गरीब परिवार है। सुभाषचंद्र का आरोप है कि 15 जून को सुबह उसका पुत्र विपिन कुमार शौच के लिए गया था। आरोप है कि गांव के दबंगों ने उसे उठा लिए और उसके मुंह में कपडा भर कर, बंधक बनाकर मार डालने की कोशिश किए। आरोप है कि मौके पर पुलिस भी पहुंच गई और एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। तमाम उपचार और थाने में नामजद तहरीर देने के बावजूद आज तक मुकदमा नहीं दर्ज किया गया।सुभाषचंद्र ने मुख्यमंत्री, पुलिस आयुक्त को तहरीर देकर न्याय और जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### 50 हजार न मिलने पर बाउंड्री गिरा कर सरिया सीमेंट आदि चोरी का लगाया आरोप थाने में दी तहरीर

**मऊआइमा।** अपनी जमीन पर बाउंड्री करवा रहे युवक से पचास हजार रुपये मांगा गया न देने पर आरोप है कि बाउंड्री गिरा कर पन्द्रह बोरी सीमेंट और डेढ कुंटल सरिया ,तस्ला, फावडा आदि चोरी कर ले गए थाने में दी गई तहरीर। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम दुबाही निवासी मोहम्मद रूकसार पुत्र अबनैन का कहना है कि उसकी माता साजीदा के नाम से ग्राम गनेशगंज नेवादा में भूमिधरी जमीन है। रूकसार का कहना है कि वह माता की जमीन पर निर्माण करवा रहा था। तथी विपक्षी दबंगों द्वारा उससे पचास हजार की मांग की गई । न देने पर आरोप है कि उसकी बाउंड्री गिरा कर डेढ कुंटल सरिया और पन्द्रह बोरी सीमेंट ,तशला ,छह फावडा, मिस्त्री का सामान आदि चोरी कर ले गए। रूकसार ने आधा दर्जन नामजद के खिलाफ तहरीर थाने में दी है।

## आमजन मानस के लिए घूरपुर थाना परिसर में बनेगा आधुनिक शौचालय

अखंड भारत संदेश

जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र सिंह पटेल ने किया भूमिपूजन



**घूरपुर।** घूरपुर बाजार और राहगीरों के आवागमन के दौरान शौच के लिए हो रही परेशानियों से निजात दिलाने के लिए स्थानीय जिला पंचायत सुरेंद्र सिंह पटेल व भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पटेल की मेहनत रंग लाई और रविवार के दिन आमजन मानस के लिए घूरपुर थाना परिसर में जिला पंचायत की ओर से आधुनिक शौचालय का भूमिपूजन किया गया। लगभग दो महीने में बनकर तैयार हो जाएगा।इस दौरान सुरेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि इस शौचालय में विकलांग और पुरुष महिलाओं के लिए अलग अलग व्यवस्था की गई है यहां तक कि कामोट की भी व्यवस्था की गई है। लगभग 6लाख कीमत की शौचालय का निमार्ण होगा। शिलान्यास के दौरान थाना प्रभारी दिनेश कुमार मौर्य, मान सिंह पटेल, शिवम द्विवेदी, राजन मिश्रा, ऋषभ द्विवेदी, सत्यम पटेल, अशोक जायसवाल, धर्म राज को टार्य। बताया जाता है कि उक्त शौचालय के निमार्ण के लिए घूरपुर बाजार के आसपास जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र सिंह पटेल ने काफी कोशिश की। लेकिन जगह नहीं मिलने पर घूरपुर थाना परिसर में बनाया गया। जो आम जन मानस के लिए 24घंटे खुला रहेगा। सुरेंद्र सिंह पटेल ने जिला पंचायत अध्यक्ष डा बी के सिंह का अभार व्यक्त किया।

## खतौनी में अमलदरामद न होने से किसान परेशान

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** विकास खंड मेजा अंतर्गत ग्राम सभा भोजपुरवा में आयोजित जनपंचायत के दौरान प्रमुख समस्याओं को संकलित करने के क्रम में किसान उमेश कुमार, अश्विनी कुमार, निर्मला देवी, संजय कुमार आदि ने बताया कि विगत कई महीने से तहसील -मेजा का चक्कर काट रहा हूं किन्तु वरासत खतौनी में अंकित नहीं हो पा रहा है। पीड़ित किसानों का कहना है कि आनलाईन आवेदन के बाद लेखपाल, कानूनगो की रिपोर्ट लगकर खार्जा कम्प्यूटर आपरेटर के पास महीनों से गया हुआ है किन्तु कम्प्यूटर आपरेटर की लापरवाही के चलते किसान भटक रहे हैं। जबकि किसान तिलकराज,शेषमणि, रामसजीवन आदि ने बताया कि के.सी.सी.बनवाने के लिए तहसील के कम्प्यूटर से खतौनी चाहिए किन्तु बार-बार तहसील का चक्कर काट रहा हूं कम्प्यूटर सेंटर बंद रहता है। क?ई किसानों ने हरदिहा राजबहा में पानी न छोड़ने की वजह से पानी अभाव वश धान की नर्सरी समय पर नहीं डाले जाने की बात कही। क?ई लघु शीमान्त किसानों ने बताया कि जब समय से धान की नर्सरी डाली जाती है तो पैदावार ठीक रहता है, देरी होने से धान का उत्पादन तो कम होता ही है गेहूं की भी फसल प्रभावित हो जाती है जिसकी वजह से बटाई पर लेकर खेती करने वालों का नुकसान हो जाता है। जनपंचायत में उपस्थित मुसहरान बस्ती के जयराम, सांवरे, रामकली आदि लोगों ने बताया कि मुहल्ले में पेयजल का एकमात्र साधन तालाब भी सूखने के कारण पानी पीने का संकट उत्पन्न हो गया है।क?ई बार तहसील दिवस से लेकर ग्राम प्रधान व विधायक तक प्रार्थना पत्र दिया गया किन्तु मुसहरान बस्ती में पेयजल की ब्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गयी। जनसुनवाई फाउंडेशन के विकास खण्ड मेजा प्रभारी राजकुमार मिश्र ने प्रशासनिक ब्यवस्था पर आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ जहां शासन की मंशा है कि समाज में सबसे निचले पायदान पर खड़े वर्गों को विकास की मुख्य धारा में जोड़ा जाये और सतत विकास की प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित की जाए वहीं प्रशासन की उदासीनता के कारण मुसहरान बस्ती के लोगों को आज भी सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जनपंचायत के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए फाउंडेशन के जनपद प्रभारी अधिवक्ता विवेक सिंह ₹रानू₹द्वारा कहा गया कि ग्राम -योग, एवं स्वच्छ भारत मिशन से ग्रामीणों में सकारात्मक उर्जा का संचार होगा व आपसी भाईचारा में प्रगाढ़ता आयेगी। जनसुनवाई फाउंडेशन प्रदेश प्रभारी उच्च न्यायालय अधिवक्ता कमलेश प्रसाद मिश्र द्वारा ग्राम योग पर बल देते हुए 21जून अन्तर्राष्ट्रीय योगदिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए ग्राम वासियों से अपील की एवं ग्रामीणों ने योग व स्वच्छता को दिनचर्या में अपनाएं जाने हेतु संकल्प लिया।

## एक दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ आयोजन विजई टीम हुई पुरस्कृत



**सहसों।** क्षेत्र के बदल का पूरा गांव में शिवांशु पांडे द्वारा आयोजित जय मां शारदा क्रिकेट कप प्रतियोगिता 2023 का एक दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट मैच रविवार को खेला गया। जिसमें चार टीमों ने भाग लिया। क्रिकेट टूनार्मेंट के शुरूआती मैच में फ्यूचर इलेवन एवं बदनाम इलेवन के बीच खेलते हुए कड़े मुकाबले के साथ फ्यूचर इलेवन विजई रही। तथा दूसरे दौर के मैच में मां शारदा क्रिकेट क्लब और ओल्ड कोबरा के बीच कड़े संघर्ष के साथ बहुत ही शानदार तरीके से खेलते हुए मां शारदा क्रिकेट क्लब विजई घोषित हुई। प्रतियोगिता के अंत में फाइनल मैच के दौरान मां शारदा क्रिकेट क्लब एवं फ्यूचर इलेवन के बीच रोचक मैच खेलते हुए बहुत ही सुंदरता के साथ फाइनल मैच अच्छा प्रदर्शन करते हुए मां शारदा क्रिकेट क्लब विजय श्री हासिल की। जिसमें मैन ऑफ द सीरीज आदर्श तिवारी, मैन ऑफ द मैच गोलू यादव, बेस्ट बॉलर गुलशन प्रजापति रहे। टूनार्मेंट प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री भाजपा काशी क्षेत्र सत्यम मिश्रा ने फीता काटकर उद्घाटन करते हुए किया। इस अवसर पर आयोजक द्वारा प्रतियोगिता में विजई टीम एवं अन्य को विभिन्न उपहार देकर पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला संयोजक बजरंग दल गंगापार काशी प्रांत पवन कुमार पांडे सहित भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## सीएचसी मेजा का कैंटीन बंद रहने से भटकते रहे प्रसव पीड़ित महिलाओं के परिजन

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** यदि आप मेजा अस्पताल में महिला को प्रसव के लिए या बच्चे को इलाज के लिए लेकर जा रहे हैं तो चाय-दूध और भोजन की व्यवस्था खुद अपने स्तर पर ही करके चलें। अस्पताल परिसर में वर्तमान में कैंटीन अक्सर बंद होने से मरीज व परिजन चाय-दूध के लिए जहां तरस रहे हैं,वहीं प्रसव महिलाओं को भोजन की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर में अन्य कोई कैंटीन की व्यवस्था नहीं की है। अस्पताल में प्रसव तो होते ही हैं, इसके अलावा बच्चों व अन्य मरीज भी उपचार के लिए भर्ती होते हैं। इन्हें अस्पताल में उपचार के लिए दवाओं के साथ-साथ भोजन, दूध-चाय व बिस्किट आदि की भी जरूरत होती है। ऐसे में महिलाओं व बच्चों को तो कैंटीन की जरूरत होती ही है।यहां नव निर्मित कैंटीन की संचालिका की लापरवाही से मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है,जिसकी शिकायत कई बार अधीक्षक से की गई,लेकिन यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि कहीं गया होगा।जबकि अगर कैंटीन बंद करना है तो अधीक्षक की अनुमति लेनी पड़ती है।लेकिन बिना अनुमति के कई दिनों तक मां शारदा समूह द्वारा प्रेरणा दीदी कैफे की संचालिका शुभावती देवी द्वारा कैंटीन बंद कर दिया जाता है। मरहा की प्रसव पीड़िता प्रियंका पत्नी अंकित प्रजापति को अस्पताल में बच्चा पैदा हुआ।जब उसके परिजन कैंटीन के पास गए तो कैंटीन बंद मिला।इसी तरह रविवार को 4 महिलाओं को प्रसव हुआ ।सभी परेशान रहे। पीड़िता ने बताया कि अधीक्षक भी आज नहीं थे,जिसके कारण स्टाफ नर्स द्वारा शिकायत को नजर अंदाज कर दिया गया। मरीज बताते हैं कि प्रसव पीड़ित महिलाओं को कैंटीन बंद होने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बता दें कि अस्पताल में मरीजों की परेशानी को देखते हुए प्रशासन ने अस्पताल परिसर में एक वर्ष पूर्व प्रमुख मेजा द्वारा कैंटीन की बिल्डिग का निर्माण किया था। जहां पर लाखों रुपये की लागत से काम के हिसाब से कैंटीन बनाई थी और मरीजों की सुविधा के लिए कैंटीन के बाहर लंबा-चौड़ा सैड भी बनाया हुआ है। जो शो पीस बनकर रह गया है।

### प्रधानाध्यापक के निधन से शोक

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के ललचहां गांव निवासी केशव सिंह (49) पुत्र स्वर्गीय रामदेव सिंह का रविवार की शाम 4 बजे आकस्मिक निधन हो गया। सुबह उनकी तबीयत अचानक खराब हुई। परिजन उन्हें ले जाकर शहर के अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वह बहरिया विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय तिवारीपुर में प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे। वह परिवार सहित झूंसी के त्रिवेणीपुरम में रहते थे। उनके दो बेटे हैं। वह चार भाइयों में सबसे छोटे थे। केशव सिंह का स्वभाव काफी हंसमुख और मिलनसार था।

## अब तो टोचन पर से चल रही है 112नम्बर सारे दावा फेल

अखंड भारत संदेश

### अपराधिक सूचना मिलने के पन्द्रह मिनट में पहुंचने का दावा फेल 112 नम्बर टोचन से चल रही है, खटारा हो चुकी 112 नम्बर वाहनों की दशा जर्जर



**मऊआइमा।** मऊआइमा में 112 नम्बर वाहनों की हालत जर्जर हो जाने से वह अब टोचन से चलने लगी है। बीस रास्ते में खडी हो जाने पर बिना धक्का के नहीं चलती है 112 नंबर। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा में 112 नम्बर की वाहन जर्जर खटारा हो जाने से वह अब टोचन से चलने लगी है। घटनाओं की सूचना पर पन्द्रह मिनट में पहुंचने का दावा फेल हो गया तोहै। हालांकि 112 नम्बर वाहनों से आम जनता को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। बताया जाता है कि उक्त वाहनों के पुलिसकर्मियों द्वारा फौजदारी, अन्य घटनाओं की सूचना पर जैसे तैसे पहुंच कर दोनों पक्षों को पुराने थाने में लाकर।आरोप है कि सुलह समझौता धनादोहन करना मात्र इनका पेशा बन कर रह गया है। आज तक नामचीन बदमाशों, चोरों ,बदमाशों को पकडने की कोई सूचना नहीं है। दूर से हूटरों का प्रयोग करने से अपराधी भाग निकलते हैं। बहरहाल डग्गामार खटारा हो चुकी 112 फिलहाल क्षेत्र में टोचन से चल रही है।

## खबर संक्षेप

### रहस्यमय परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी,मौत

**सोरांव।** इलाके के सूरजभानपुर निवासी एक युवक ने रविवार सुबह आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले में पुलिस ने मुकदमा लिखकर जांच पड़ताल में जुट गई है। कन्हई यादव पुत्र राम निधि 22 निवासी सूरज भान सिंह अपने चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। बीते 5 जून को कन्हई की शादी नवाबगंज थाना क्षेत्र के दादनपुर कछार में हुई थी एक-दो दिन रहकर पत्नी मायके चली गई। रविवार को परिजनों द्वारा पुनः कन्हई की पत्नी को बुलाने की तिथि निर्धारित थी। घर पर तैयारियां हो रही थी तभी कन्हई अपने कमरे से सोकर निकला और शौच करने घर से लगभग एक किलो मीटर दूर खेत में गया। और वहां मौजूद एक आम के पेड़ पर चढ़कर साड़ी के फंदे से फांसी पर झूल गया। राहगीरों ने जब उधर गए तो लटकती हुई लाश को देख उनके होश उड़ गए। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। कन्हई लाल मेहनत मजदूरी और खेती किसानी करता था। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# नैनी के अरैल में दोस्तों के साथ नहाने गया युवक डूबा

## दोस्त को डूबता देख बचाने गये युवक डूबा, जल पुलिस और गोताखोर की टीम कर रही तलाश

अखंड भारत संदेश





**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के अरैल गंगा घाट पर नहाते समय एक युवक डूब गया उसके साथियों ने शोर मचाया तो जल पुलिस और गोताखोर दौड़े। युवक की तलाश की जा रही, लेकिन अभी तक उसका पता नहीं चल पाया है। घरवाले भी सूचना के बाद अरैल घाट पर पहुंच गए। युवक अपने दो दोस्तों के साथ मुट्ठीगंज से नहाने के लिए गया था हटिया चौराहा मायापुर के सामने गली में रहने वाले चिंटूर गौड़ अपना काम धंधा करके परिवार का पालन पोषण करते हैं उनका 22 वर्षीय बेटा अभिजीत गौड़ उर्फ हनी उर्फ जॉर्डन (22) तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। रविवार को दोपहर बाद अभिजीत अपने दो साथियों करण यादव और ऋतिक कुमार के साथ नैनी अरेल घाट पहुंचा था। तीनों लोग अरैल पक्का घाट पर संगम के सामने गंगा में नहा रहे थे नहाते हुए तीनों गहरे क्षेत्र में लगाई गई बैरिकेडिंग को पार कर गए वहां मौजूद जल पुलिस और अन्य लोगों ने उन्हें मना किया, लेकिन तीनों लड़के माने नहीं खतरे वाले इलाके में जाकर वहां पानी के अंदर आपस में अठखेलियां कर रहे थे। खेलते समय करण यादव अचानक डूबने लगा तो हनी उर्फ जॉर्डन उसे बचाने के लिए दौडा करण तो बच गया, लेकिन हनी गहरे पानी में समा गया उसके ड्रबते ही दोनों दोस्त और घाट पर मौजूद अन्य लोग चीखने चिल्लाने लगे जल पुलिस की टीम भी दौड़ी। दो गोताखोर घाट पर मौजूद थे। उनको भेजा गया। उसकी तलाश शुरू कराई गई, लेकिन अभी तक हनी उर्फ जॉर्डन का पता नहीं चला है जल पुलिस प्रभारी कड़ेदीन यादव ने बताया कि गोताखोर और जल पुलिस की टीम उसकी खोजबीन कर रही है अपने दो दोस्तों के साथ नहाने आया था। गहरे पानी में जाने की वजह से डूब गया है उसके घरवाले भी आ गए हैं अभी पता नहीं चल पाया है अरैल चौकी इंचार्ज परमानंद सिंह का कहना है कि गंगा में ड्रबे जार्डन उर्फ हनी की तलाश कराई जा रही है।

## गर्मी निचोड़ रही शरीर की एनर्जी, हीट स्ट्रोक से बचने के लिए इन बातों का रखें ध्यान

**बारा।** इस समय के मौसम का हाल कुछ बताने लायक नहीं है। कहने का मतलब, गर्मी की मार सभी झेल रहे हैं। पंखे की हवा भी आग उगल रही है। कूलर और एसी के सामने राहत जरूर है, लेकिन यह राहत तभी तक है, जब तक आप उसके सामने हैं। हटते ही शरीर पसीना-पसीना हो जा रहा है। यूपी के कई जिलों में हीटस्ट्रोक से लोगों के काल-कवलित होने की भी खबरें आ रही हैं। मौजूदा समय में जिले का अधिकतम तापमान भी 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा है। विकराल गर्मी के साथ लू का प्रकोप भी है। मौसम विभाग के पूर्वानुमन के मुताबिक लोगों को हीटवेब से बचाव के प्रति सजग रहना चाहिए। आने वाले दिनों अभी गर्मी के बने रहने के संकेत हैं, लिहाजा बचाव ही सबसे बढ़िया रास्ता है। गर्मी से बचावके लिए जिला प्रशासन ने जनपदवासियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। एडीएम (वित्त) जगदंबा सिंह की तरफ से जारी एडवाइजरी जारी की गई है।

**हीटवेब की स्थिति में क्या करें और क्या नहीं** : जब भी अधिकतम तापमान 40-41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला जाए तो उस स्थिति को हीटवेब या लू कहते हैं। ऐसी दशा में प्यास न लगने पर भी पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस का घोल, लस्सी, निंबू-पानी, चावल का पानी, छाछ आदि का नियमित अंतराल पर प्रयोग करेत रहें। हल्की वजन, हल्के रंग के सूती और ढीले कपड़े पहनें। बाहर निकलते समय सिर ढककर रखें और छाता प्रयोग में लाएं। हाथों को साबु और पानी से बार-बार धुलें। अनावश्यक रूप से पूर्वाह्न 11 बजे के बाद से चार बजे बाहर न निकलें। सरकारी और निजी कार्यालयों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों ठंडा पानी रखने की सलाह दी गई है। सीधे धूप में निकलने, ज्यादा श्रम वाले कार्यों को सुबह या शाम के वक्त करने, गर्भवती व श्रमिकों पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी गई है।

**बुजुर्गों और बच्चों पर विशेष ध्यान की जरूरत** : तेज गर्मी में वृद्ध, शारीरिक रूप से कमजोर और बीमार पर नजर बनाए रखें। उनके पास एक फोन हमेशा रखें। यदि वह बेचैनी वगर्मी महसूस कर रहे हों तो उनके ठंडक देने का प्रयास करें। शरीर को गीला रखें। नहलाएं और गले के बगल गीला तौलिया रखें। पानी की बोतल भी हमेशा राथ में रखें। इसी तरह छोटे बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाते रहें। यदि बच्चे के पेशाब का रंग ज्यादा गहरा हो तो समझना चाहिए के बच्चे का शरीर डिहाइड्रेशन की तरफ जा रहा है। धूप में या बाहर खड़े वाहन में बच्चों को कत्तई न छोड़ें। बेहोशी महसूस करने पर तत्काल डाक्टर से संपर्क करें। जानवरों को छाया में रखें और भरपूर पानी पिलाएं। घर के पालतू जानवरों को भी ठंडे में रखें। आपदा संबंधी हेल्प के लिए इन नंबरों पर करें फोन आपदा संबंधी हेल्प के लिए इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। एंबुलेंस के लिए 108, पुलिस के लिए 112, राहत आयुक्त कार्यालय के लिए 1070 (टोल फ्री) और जिला आकस्मिक आपरेशन सेंटर के कंट्रोल रूम में 0532-2641577 या फिर 0532-2641578 पर फोन करें।



## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** मिशन शक्ति अभियान फेज 3 के तहत रविवार को छतनाग चौकी क्षेत्र के नयका महीने में महिला बीट अधिकारी उ.नि. प्रियंका सिंह, चौकी प्रभारी छतनाग नवीन कुमार सिंह, सिपाही लक्ष्मी शर्मा, मंजू, महेश तिवारी द्वारा चौपाल लगाकर जागरुक किया गया। उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान किया गया एवं सरकार द्वारा चलायी गयी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबर 1090. 181. 112. 1098. 101. 108.1076. 102. 1930 की जानकारी दी गई। चौकी इंचार्ज छतनाग नवीन सिंह ने कहा की महिलाओं पर कोई अत्याचार हो तो आप लोग तुरंत आवाज उठाईये पुलिस को सूचना दे पुलिस आप की पूरी मदद करेंगी।

# एसटीएफ ने पकड़ा साढ़े नौ लाख का गांजा

## कार में स्पेशल कैविटी बनवाकर उड़ीसा से ला रहे थे खेप, दो तस्कर गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** एसटीएफ ने वाराणसी कानपुर हाईवे पर उपरदहा गांव के सामने एक दुकान के पास से दो इंटरस्टेट गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है जिनकी कार में स्पेशल कैविटी बनाकर छिपाए गए 37.600 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 09.50 लाख रुपए आंकी गई है एसटीएफ टीम ने पूछताछ के बाद बताया है कि पकड़े गए दोनों तस्कर काफी दिनों से इस धंधे में लिप्त थे एसटीएफ के डिप्टी एसपी नागेंद्र सिंह ने बताया कि प्रयागराज फील्ड इकाई की टीम को सूचना मिल रही थी कि इन दिनों कानपुर - वाराणसी हाईवे के रास्ते से गांजे की तस्करी की जा रही है यह गांजा उरड़ीसा से मंगा कर प्रयागराज व आसपास के जिलों में हटाया जा रहा है सटीक मुखबिरी पर 17 जून की रात में वाराणसी - कानपुर हाईवे पर समीर गुप्ता की दुकान के सामने उपरदहा गांव के समीप एक संदिग्ध कार को रोका गया फोर्ड फिएस्टा कार मध्य प्रदेश के रास्ते प्रयागराज की ओर आ रही थी। एसटीएफ टीम ने घेराबंदी करके कार को रोका और तलाशी ली प्रथम दृष्ट्या तो उसमें कुछ नहीं मिला, लेकिन जब कार के अंदर बनाई गई स्पेशल कैविटी को चेक किया तो उसमें 37.600 किलोग्राम गांजा पैकेट में पैक करके रखा हुआ मिला। जिसे एसटीएफ ने जब्त कर लिया हिरासत में लिए गए तस्करों में सतीश सिंह पुत्र स्वर्गीय महेंद्र सिंह निवासी फेसुरा, सैयदराजा, चंदौली और मिनीकेतन नायक पुत्र धनूर्या नायक निवासी मुंडरा, गुड़ा, मंगलपुर,जयपटना,कालाहांडी, उड़ीसा जो कार ड्राइवर था, उससे पूछताछ की गई पूछताछ में उन लोगों ने बताया कि वह लोग पुराने वाहन खरीद कर उसमें स्पेशल कैविटी रूपी एक बॉक्स बनवाते हैं, ताकि वह पकड़े न जा सके वह लोग उड़ीसा से मिट्ठू नामक व्यक्ति से गांजे की खेप लेते हैं और यहां सतीश सिंह द्वारा प्रयागराज व आसपास के जिलों में इस खपाया जाता है जिसके बदले में उन्हें मोटी रकम का फायदा होता है पूछताछ में बताया कि उनका पूरा एक गैंग है हर जगह उनके आदमी रहते हैं गिरफ्तारी करने वाली एसटीएफ टीम में एसआई रविंद्र कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल अमित कुमार शर्मा, संतोष कुमार, रोहित सिंह, किशनचंद्र कांस्टेबल चालक अखंड प्रताप पांडेय की टीम शामिल थी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की हुई मौत

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** शास्त्री पुल पर शनिवार की शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया सूचना मिलते पर रोते बिलखते परिजन भी एसआरएन पहुंच गए। लोगों की माने तो उसकी बहन की भी कुछ वर्ष पहले दुर्घटना में मौत हो गई थी। सरायइनायत थाना क्षेत्र के पुरानी सराय डुडुही निवासी रोहित 27 पुत्र स्व. शंकरलाल अपने पिता की जगह कोलकाता कोइलवरी में काम करता था 2 महीने से वह काम छोड़कर घर पर आ गया था। शनिवार की शाम वह शहर से स्कूटी लेकर घर की ओर आ रहा था शास्त्री ब्रिज पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से उसे एसआरएन अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक रोहित दो भाई एक बहन थे कुछ वर्ष पहले सरायइनायत में बहन की भी हादसे में मौत हो गई थी। बड़ा भाई राहुल जन्मजात दोनों आंख से अंधा है। मां आशा देवी की पेंशन पर ही पूरा परिवार पल रहा था रोहित की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।



## नैनी सेंटर जेल में योग सप्ताह का शुभारंभ

### योग ही जीवन, जीवन ही योग का नारा देते हुए सभी को बताएं : जेल सुपरिंटेंडेंट रंगबहादुर पटेल






**नैनी।** नैनी सेंटर जेल में रविवार को प्रातः बुद्ध एक्यूप्रेशर एंड योग शोध संस्थान, प्रयागराज द्वारा योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया जेल सुपरिंटेंडेंट रंगबहादुर पटेल द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए योग ही जीवन, जीवन ही योग का नारा देते हुए सभी को योग को स्वयं की जीवन शैली में आत्मसात करने को प्रेरित किया योग प्रशिक्षक संजय मौर्य ने कई सूक्ष्म व्यायाम कराने के साथ हृदय, पाचन तंत्र, मधुमेह आफ के लिए लाभकारी आसनों की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया कार्यक्रम में जेलर श्री राम सिंह यादव, डॉ. आलोक कुमार, शिक्षाध्यापक रामेश्वर प्रसाद के साथ अन्य कर्मचारी एवं बंदियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया उपरोक्त कार्यक्रम के तत्काल बाद सहज योग संस्थान के प्रशिक्षकों द्वारा बंदियों को विविध योगाभ्यास कराया गया।



## करमा गांव में लगेगी पानी की टंकी, जमीन की तलाश शुरू

### भाजपा नेता हरीकृष्ण शुक्ला की पहल पर जागा विभाग

**नैनी।** नैनी करछना तहसील क्षेत्र के करमा गांव में पेयजल की किल्लत दूर करने के लिए पानी की टंकी लगाई जाएगी। इसके लिए जल निगम ने जमीन की तलाश भी शुरू कर दी है। पिछले दिनों भाजपा नेता हरीकृष?ण शुक्ला की चौपाल में लोगों ने समस्या उठाई थी। जिसके बाद उन्होंने संबंधित विभाग से समस्या दूर कराने की मांग की थी। उन्हीं की पहल पर विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं करमा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अंबरीश जायसवाल ने बताया कि जल निगम के अफसरों ने गांव में पानी की टंकी लगाने के लिए जमीन की मांग की है। इसपर ग्राम प्रधान और सदस्यों ने बैठककर जमीन की स्थिति को देखा। साथ ही राजस्व विभाग से संपर्क करके उपयुक्त जमीन की पैमाइश कराने को कहा। लोगों ने बताया कि पिछले दिनों भाजपा नेता हरीकृष?ण शुक्ला की चौपाल में योजनाओं की जानकारी दी जा रही थी। जिसके बाद लोगों ने पानी की समस्या की बात भी रखी। जिसपर भाजपा नेता ने उच्चाधिकारियों से बात करके समस्या को जल्द दूर कराने को कहा था। अब लोगों में पानी की समस्या दूर होने की आस जग गई है। मामले में एसडीएम करछना राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि कानूनगो और लेखपाल को जमीन के लिए निर्देशित कर दिया गया है।

# प्रयागराज में पीएसी जवान समेत दो की मौत

अखंड भारत संदेश

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक की पुष्टि झूंसी में पीएसी कैंप में ड्यूटी लगी थी**



**झूंसी।** गर्मी का सितम जारी है चिलचिलाती धूप में निकलने वाले लोगों के लिए यह गर्मी जानलेवा साबित हो रही है यहां चतुर्थ वाहिनी पीएसी के एक जवान और एक पान कारोबारी की मौत हो गई पीएसी का जवान अपनी ड्यूटी पर था। जबकि पान कारोबारी कल ही घर से निकला था पुलिस ने परिजनों को सूचित करने के बाद दोनों के शव का पोस्टमॉर्टम कराया तो उसमें कार्डियक अरेस्ट से मौत की पुष्टि पीएसी जवान कृष्ण कुमार मिश्रा (54) पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र मिश्रा निवासी कल्याणपुर, बिठूर, कानपुर नगर की जान चली गई कृष्ण कुमार मिश्रा के बेटे रोहन और करण ने बताया कि वह चतुर्थ वाहिनी पीएसी धूमनगंज में तैनात थे। उनकी इस समय ड्यूटी झूंसी थाने के समीप स्थित पीएसी कैंप में लगी हुई थी। शनिवार की देर रात उनकी अचानक से तबीयत बिगड़ी। पता चलने पर उनके सहयोगी उन्हें अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान रविवार को उनकी मौत हो गई पता चलने पर दोनों बेटों के अलावा पत्नी पुष्पा रानी भी रोते बिलखते हुए अस्पताल पहुंच गई। उनकी असामयिक मौत से परिवार में कोहराम मच गया है मध्य प्रदेश के रीवा जनपद अंतर्गत नईगढ़ी रामपुर निवासी प्रेम शंकर चौरसिया (55) पुत्र इंद्रपाल चौरसिया पिछले कई सालों से प्रयागराज के शाहगंज थाना अंतर्गत पान दरीबा मोहल्ले में रहते थे। वह पान का कारोबार करते थे। उनके पांच बेटे और दो बेटियां हैं। घरवालों ने बताया कि शनिवार शाम को प्रेम शंकर सिविल लाइन से आने के लिए निकले थे उसके बाद वापस नहीं लौटे आज उनकी लाश नगर कोतवाली के ललित नगर मोहल्ले में सड़क के किनारे पाई गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनके पास मिले मोबाइल और आई कार्ड के जरिए घरवालों को सूचना दी उसके बाद उनकी लाश का पोस्टमॉर्टम कराया गया। जिसमें हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि की गई। उनकी पत्नी विद्यावती का रो रोकर बुरा हाल है पोस्टमॉर्टम में हार्ट अटैक की पुष्टि झूसी थाना प्रभारी वैभव सिंह ने बताया कि पीएसी जवान की अचानक तबीयत बिगड़ी थी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। उनकी लाश का पोस्टमार्टम करा दिया गया है। पोस्टमॉर्टम में हार्ट अटैक की पुष्टि हुई है।

## गुड्डू मुस्लिम की प्रेमिका का बेटा गिरफ्तार

### उमेश पाल शूट आउट के बाद से गुड्डू के साथ उसकी मां चांदनी भी फरार है

**प्रयागराज।** पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य आरोपी और 5 लाख के इनामी गुड्डू मुस्लिम की प्रेमिका के बेटे आबिद को गिरफ्तार किया है पुलिस ने रविवार को घनश्याम नगर कॉलोनी के पास से उसे गिरफ्तार किया। पुलिस का दावा है कि गुड्डू मुस्लिम की तरह वह भी शातिर बमबाज है उसके पास से 6 जिंदा बम बरामद किए गए हैं नगर के खुल्दाबाद कोतवाली थाना अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बताया कि रविवार को क्षेत्र के घनश्याम नगर रेलवे कॉलोनी के पास से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया गया तलाशी ली गई तो उसके पास से 6 जिंदा बम बरामद किए गए पूछताछ में पता चला कि आबिद पुत्र अब्दुल रहमान अहमद उसका नाम है। वह क्षेत्र के चकिया मोहल्ले का रहने वाला है पुलिस के अनुसार उसके बारे में छानबीन की गई तो पता चला कि वह शातिर बमबाज है, लेकिन आअभी तक क्राइम रिकॉर्ड में उसका नाम नहीं आया था बताया जा रहा है कि आबिद के घर उमेश पाल शूट आउट में शामिल अतीक के खास शूटर गुड्डू मुस्लिम का बहुत आना-जाना था। गुड्डू मुस्लिम और आबिद की मां चांदनी की नजदीकी रिश्ते को पूरा मोहल्ला जानता है। गुड्डू मुस्लिम ने आबिद को चकिया चौराहे पर स्थित अपने मकान में आबिद चिकन शाप के नाम से दुकान खुलवाई थी उमेश पाल हत्याकांड के बाद प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने उस दुकान को सील कर दिया था और ध्वस्तीकरण का नोटिस लगा दिया था, लेकिन ध्वस्तीकरण हुआ नहीं। जिसकी वजह से पिछले दिनों वह दुकान फिर से खुल गई थी।

# परेड मैदान में लगे दुबई करनाल में टेक्नीशियन की मौत

## गोवा के रहने वाले टेक्नीशियन का बेटा है डिस्ट्रिक्ट लेवल का फुटबॉल खिलाड़ी





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कीडगंज थाना अंतर्गत परेड मैदान में लगे दुबई कार्निवाल में एक झूला मिस्त्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उसकी लाश को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है मृत मिस्त्री का बेटा फुटबॉल प्लेयर है नगर के कीडगंज थाना अंतर्गत परेड ग्राउंड में दुबई कार्निवाल लगा हुआ है। यहां पर संजय गुप्ता (52) पुत्र नंदू लाल गुप्ता निवासी मनिडोवा, मारगांव, साउथ गोवा, महाराष्ट्र टेक्नीशियन के पद पर काम कर रहा था संजय गुप्ता एग्जीबिशन में टेक्नीशियन का काम करते थे प्रयागराज के परेड ग्राउंड पर दुबई कार्निवाल के नाम से लगे एग्जीबिशन में वह देखभाल कर रहे थे भोर में उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई वह अचेत होकर गिर पड़े। आनन-फानन में उन्हें एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां आज दोपहर उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक का बेटा जीत गुप्ता फुटबाल खिलाड़ी है। वो गोवा के लिए डिस्ट्रिक लेवल पर फुटबॉल खेलता है पिता की बीमारी की सूचना पर एयरोप्लेन से प्रयागराज पहुंचे जीत गुप्ता ने बताया कि वह दो बहनों के बीच में अकेला है उसकी मां रीता देवी गांव में रहती हैं पिता को पहले बेली हॉस्पिटल ले जाया गया था। वहां से हालत ज्यादा गंभीर होने पर एसआरएन अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था उनकी मौत कैसे हुई यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा कीडगंज थाना प्रभारी राम मूर्ति यादव ने बताया कि अचानक से गश खाकर मिस्त्री गिर गया था उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया।

# रेल कर्मी की मौत, सात घंटे ट्रेन में सफर करती रही लाश

## गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर पोस्ट टेक्नीशियन का शव दुर्ग ट्रेन में मिला

### गोंडा में उतरना था, प्रतापगढ़ में मिला शव

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नौतनवा से दुर्गा जा। रही एक्सप्रेस ट्रेन में शनिवार शाम को रेल कर्मी का शव मिलने से सनसनी फैल गई। रेलकर्मी को घर गोंडा उतरना था। शाम को ट्रेन प्रतापगढ़ पहुंची तो गार्ड के कोच में उसकी लाश पुलिस को मिली। पुलिस के अनुसार उसको मरे करीब पांच से छः घंटे हो चुका है। गोरखपुर से प्रतापगढ़ के बीच कई स्टेशन आए लेकिन लाश को जीआरपी और आरपीएफ किसी ने उतारने की जहमत नहीं उठाई। जबकि ठहराव वाले स्टेशन पर दोनो फोर्स ट्रेनों को चेक करती है। खासकर गार्ड के खाली डिब्बे को जिसमें रेल कर्मी की लाश मिली है। इस चक्कर में ट्रेन करीब 53 मिनट तक खड़ी रही।

प्रतापगढ़ स्टेशन पर नौतनवा ट्रेन शाम करीब छह बजे पहुंची। उसी समय रेल कर्मियों की नजर खाली वाले गार्ड के डिब्बे में पड़ी। देखा तो एक व्यक्ति उसकी फर्श पर पड़ा है। वहां मौजूद मेंस यूनियन के मंत्री अनिल शुक्ला को बात पता चली तो उन्होंने सूचना जीआरपी और आरपीएफ के साथ रेलवे डाक्टर बीपी पांडे को दी। सभी लोग पहुंचे। डाक्टर ने बताया कि व्यक्ति की मौत हो चुकी है। उसकी तलाशी में परिचय पत्र मिला।

आरपीएफ दरोगा मंजीत डबास के अनुसार मरने वाले का नाम पन्ना लाल (55) है। वह गोरखपुर रेलवे में एमसीएम फर्स्ट के पद पर है। फोन करने पर मृतक के इंजीनियर ने बताया कि पन्ना लाल शनिवार को दोपहर करीब साढ़े ग्यारह बजे नौतनवा ट्रेन से घर जाने के लिए निकला था। वह बता रहा था उसकी तबियत कुछ खराब लग रही है। एसओ जीआरपी अरुण सिंह ने बताया कि मृतक के घर वालों को सूचना गई है।

### एएसपी की फटकार पर दो आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एएसपी की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ तथा धमकी तथा घर में घुसकर मारपीट का केस दर्ज किया है। पुलिस ने किशोरी के नाबालिग होने को लेकर आरोपियों के खिलाफ पास्कोएक्ट की भी धारा मुकदमें में शामिल की है। लालगंज कोतवाली के बीजूमऊ गांव की एक किशोरी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती आठ जून को वह घर में अकेली थी। दिन में एक बजे पहले से ही उस पर गलत निगाह रखने वाले गांव के आरोपी रामसुमेर के पुत्र अर्जुन सरोज तथा रामकिशोर के पुल अक्षय उसके घर घुस आए। आरोपियों ने पीड़िता को बदनीयती से पकड़कर जमीन पर पटक दिया। शोर मचाने पर आरोपियों ने पीड़िता के कपड़े भी फाड़ डाले। शोर सुनकर उसकी बहन नीतू पहुंची तो आरोपी मारपीट करने लगे। शोर सुनकर गांव के लोग पीड़िता के घर के सामने पहुंचने लगे तो आरोपी गालीगलौज के साथ जानलेवा धमकी देते चले गये। पुलिस ने जांच के नाम पर मुकदमा दर्ज करने में हीलाहवाली की तो पीड़िता ने अपने पिता के साथ जिले के एएसपी पश्चिमी से मिलकर आपबीती सुनाई। एएसपी रोहित मिश्रा की फटकार पर रविवार को पुलिस ने आरोपी अर्जुन तथा अक्षय के खिलाफ केस दर्ज किया।

## तीन दिन पहले गायब युवक की झाड़ियों में मिली रक्तरंजित शव, हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** थाना मानिकपुर अंतर्गत मिरगढ़वा के पास सलवन बस स्टॉप के बगल खाली प्लाट में झाड़ियों के बीच में अज्ञात युवक का रक्तरंजित शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने षिनाख्त कराई जिस पर कुंडा कस्बे के चिकवन टोला निवासी मोहम्मद शमीम उर्फ कल्लू के 20 वर्षीय बेटे मोहम्मद आरिफ के रुप में हुई। कुंडा कोतवाली में पहले ही गुमषुदगी दर्ज थी।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजन इसे हत्या का मामला बता रहे है। उसके शरीर पर चोट के निषान हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बता दें कि मोहम्मद आरिफ 15 जून 2023 को अपने दो मित्रों के साथ निकला था जिसका शव आज रविवार को दोपहर लगभग 11:30 बजे झाड़ियों के बीच में मिला।

### अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकराई, ड्राईवर की मौत

उधर रहमत अली का पुरवा रेलवे फाटक के लगभग 300 मीटर पहले बिजली के पोल को तोड़ते हुए महुआ के पेड़ से जा टकराई जिससे ट्रक ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई और ट्रक का क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर थाना मानिकपुर अंतर्गत रहमत अली का पुरवा रेलवे फाटक के 300 मीटर पहले 18 जून 2023 समय लगभग सुबह साढे. चार बजे एक ट्रक (यूपी 44 एटी 0584) जो कि लाला बाजार से मानिकपुर की तरफ आ रहा था, नींद आने के कारण घबराहट में पहले सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे को तोड़ते हुए महुआ के पेड़ में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें ट्रक ड्राइवर सुरेंद्र कुमार पुत्र सुरजू प्रसाद उम्र लगभग (27) वर्ष निवासी तिवारीपुर जिला अमेठी पेड़ के बीच में दबने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस प्रशासन की मदद से बाहर निकाला गया। साथ में रहा क्लीनर अशोक कुमार पुत्र सीताराम निवासी तिवारीपुर जिला अमेठी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे एंबुलेंस द्वारा सीएससी कालाकांकर भेजा गया। घटना की जानकारी परिजनों को पुलिस प्रशासन द्वारा दे दी गई है। थाना मानिकपुर पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# बाइक की आमने सामने भिड़न्त में एक की मौत

## घायल को किया गया रेफर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रविवार को दो बाइकों के आमने सामने टक्कर से दुर्घटना में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों में से एक की दर्दनाक मौत हो गयी। लालगंज कोतवाली के लालगंज घुइसरनाथ रोड पर महिमापुर बड़ी नहर के समीप बाइकों की आपसी भिड़न्त से हुई दुर्घटना को देख राहगीर भी ठिठक उठे।

लालगंज कोतवाली के धधुआगाजन निवासी मोती लाल सरोज का पुत्र रामसुमेर 45 दोपहर बाइक से सांगीपुर जा रहा था। दूसरी तरफ से उदयपुर थाना क्षेत्र मुसैनी पूरे चैहान निवासी हरिश्चन्द्र तिवारी 55 अपनी बेटी पूजा 25 के साथ बाइक से लालगंज बाजार आ रहे थे। महिमा का पुरवा नहर के समीप अचानक दोनों बाइक आमने सामने टकरा गयी। दुर्घटना में दोनों बाइक पर सवार तीनों चोटहिल हो गये। घायलों को पुलिस इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर ले आयी। यहां चिकित्सकों ने धधुवागाजन निवासी रामसुमेर को मृत घोषित कर दिया। वहीं गम्भीर रूप से घायल हरिश्चन्द्र को जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने मृतक रामसुमेर के शव का पंचनामा कर दोपहर बाद पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। इधर रामसुमेर की मौत की जानकारी उसके घर पहुंची तो कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन ट्रामासेंटर पहुंचे। मृतक रामसुमेर दिल्ली में परिवार के भरण पोषण के लिए रहता था। अभी पन्द्रह दिन पूर्व उसके एक बेटे की गोदभराई का गांव में कार्यक्रम था। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वह पत्नी कमला देवी के साथ आया था। मृतक अपने पीछे पुत्र विवेक 26, विकास 23, व विक्रम 16 तथा पत्नी कमला को निराश्रित छोड़ गया है।

### दो घरों में सेंध काटकर लाखों के जेवरात की चोरी

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के अस्थान चौकी अंतर्गत अंधरी पुर ग्राम पंचायत के दया मऊ गांव में बीती रात जियालाल पटेल पुत्र बिंदेश्वरी पटेल एवं राधेश्याम पुत्र देशराज पटेल के घर अज्ञात चोरों ने घर के पीछे नकब लगाकर आभूषण नगदी कपड़े अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। भीषण गर्मी के चलते दरवाजे की तरफ भुक्तभोगी सोए हुए थे। जब ग्रामीण सुबह शौच गए तो लोगों ने देखा सेन कटी है और सामान बिखरा पड़ा है सोच से वापस आकर लोगों ने जब बताया तो घर अंदर का नजारा देखकर स्तब्ध रह गया। बताया जाता है कि जियालाल के घर लाखों के आभूषण कपड़े नगदी समेत इसी तरह राधेश्याम के घर भी अज्ञात चोरों ने हाथ साफ किया।

# जनता के सहयोग से हो रहा है चौतरफा विकासः मोती सिंह

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रविवार को ब्लॉक सभागार बाबा बेलखरनाथ धाम में भारतीय जनता पार्टी की 9 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के लाभार्थी सम्मेलन कार्यक्रम में बैठक की गई, जहां पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के सरकार की वाहवाही करते हुए कहा कि देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार जो काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि सब मतदाताओं के सहयोग से चैतरफा विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्षियों के पास चुनाव लड़ने के लिए जनता में जाकर कोई मुद्दा नहीं बचा है गुंडे माफिया सरकार में भयभीत हैं। सुशासन का यह नववर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी समाज के अंतिम पायदान पर छूटे और पिछड़े वंचितों तक सरकार की नीतियों के आधार पर विकास के कार्य हो रहे हैं। सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है गली-गली कोने-कोने में बिजली लगाई जा रहे हैं। शहर हो या गांव हो हर जगह एक जैसा विकास किया जा रहा है। इन सभी के साथ साथ सुगम यातायात होगा और प्रदेश की जनता भयमुक्त होकर समाज में अपने अपने कार्य करेंगे।

### ब्लाक सभागार में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



ब्लाक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बोलते पूर्व मंत्री मोती सिंह।

इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मोती सिंह के प्रतिनिधि विनोद पांडे व बाबा बेलखरनाथ धाम के ब्लाक प्रमुख सुशील सिंह के बड़े भाई राजकुमार सिंह ब्लॉक आसपुर देवसरा के ब्लाक प्रमुख कमलाकांत यादव, पट्टी ब्लाक प्रमुख राकेश सिंह, बाबा बेलखरनाथ धाम के मंडल अध्यक्ष लवलेश पांडे, जिला पंचायत सदस्य पूनम इंसान, पूर्व प्रधान कैलाश तिवारी, बिंदु पाठक, सुनील मिश्रा, अखिलेश मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन रामचरित्र वर्मा व कार्यक्रम का संयोजन अशोक श्रीवास्तव ने किया।

## दिव्यांश मिश्र ने आईआईटी जेईई एडवांस में मारी बाजी

अखंड भारत संदेश



दिव्यांश मिश्र।

**प्रतापगढ़।** आईआईटी जेईई एडवांस की परीक्षा में प्रतापगढ़ के छात्र ने बाजी मारी है। एमडीपीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं भारद्वाज एकेडमी के निदेशक डॉ जगदीश प्रसाद मिश्र के नाती दिव्यांश मिश्र ने आईआईटी जेईई एडवांस की परीक्षा में 6414 वीं रैंक हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है। दिव्यांश भारद्वाज एकेडमी का छात्र एवं प्रोफेसर अवनीश मिश्र का पुत्र है। उसकी इस उपलब्धि पर भारद्वाज एकेडमी के शिक्षकों के अलावा एमडीपीजी के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र, जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे, डॉ प्रदीप कुमार सिंह, डॉ देवेंद्र कुमार पांडे, डॉ अभिषेक सिंह, डॉ मृदुल उपाध्याय, डॉ बलराज मिश्र आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है। भारद्वाज एकेडमी के प्रधानाचार्य मनीष ओझा, सोनी मिश्रा, रमेश शुक्ला, आकाश सिंह, कौशलेंद्र आदि ने छात्र की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र को बधाई दी है।

# प्रवास के दौरान सांसद पहुँचे धर्म सम्राट स्वामी करपात्री की जन्म स्थली

## चुर्री चौराहे स्थित करपात्री की मूर्ति की किया साफ सफाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सांसद संगम लाल गुप्ता ने रविवार को ग्राम प्रवास के दौरान चुर्री चौराहे स्थित धर्म सम्राट स्वामी करपात्री की जन्म स्थली पर पहुंचे। यहां पर करपात्री की मूर्ति पर साफ-सफाई कर उन्हें नमन किया और वहां पर एक हाईमास्क लगाने की घोषणा की।

यहां के बाद उन्होंने रविवार की सुबह प्रभात फेरी निकाली। इसके पहले उमरपुर प्राथमिक विद्यालय में रात्रि विश्राम किया। सांसद को जानकारी हुई कि वर्षों से धर्मसम्राट की मूर्ति उपेक्षित पड़ी है और अपने ही घर मे बेगाने बने थे धर्म सम्राट। इस पर सांसद ने वहां पहुंचकर साफ-सफाई कर उन्हें नमन किया।



स्वामी करपात्री की मूर्ति की साफ-सफाई करते सांसद संगम लाल गुप्ता।

बता दें कि संसद के शून्यकाल में सांसद प्रतापगढ़ ने करपात्री जी को भारत रत्न देने की मांग उठाई थी। इस मौके पर विवेक उपाध्याय, अभिषेक पाण्डेय सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग प्रभात फेरी और अन्य कार्यक्रमों में शामिल हुए। बता दें कि सांसद का एक माह का ग्राम प्रवास चल रहा है। वह नियमित रुप से गांव में रुकते हैं और वहां की समस्याओं से अवगत होते हैं और सुबह प्रभात फेरी निकालकर शासन की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाते हैं।



वृद्धजनों को सम्मानित करते एलायंस क्लब के पदाधिकारी।

# एलायंस क्लब ने वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों का किया सम्मानित

## फादर्स डे पर वृद्धाश्रम में हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ ने आज फादर्सडे पर वृध्दाश्रम महुली में कार्यक्रम कर वृद्धजनों का सम्मानित किया। लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में यह आयोजन किया गया।

क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने फादर्सडे पर वृध्दाश्रम में रह रहे 40 वृद्धजनों को उपहार देकर सम्मानित कर आशीर्वाद प्राप्त किया और कहा कि जिन वृद्ध पिताओं के बच्चों ने वृद्धाश्रम में छोड़ दिया है जो अपने ही बच्चों के द्वारा ठुकराए गए हैं उन सबको आज फादर्सडे पर बच्चों की कमी महसूस ना हो क्लब ने उनके साथ खुशियां बांटने की कोशिश की। वृद्धाश्रम के प्रबंधक अंबिका प्रसाद ने कहा कि फादर्सडे पर सब को अपने पिता का सम्मान तो करना ही चाहिए लेकिन प्रतिदिन अपने माता-पिता का सम्मान करो। इस अवसर पर रवि अग्रवाल, प्रबंधक अंबिका प्रसाद, मानसिंह, संजय खंडेलवाल, सूरज उमरवैश्य, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, अशोक अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# योगा दिवस पर आनलाइन ट्रेडिंग विरोध दिवस पर व्यापारियों ने की चर्चा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के अध्यक्षता में, अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस और ऑनलाइन ट्रेडिंग विरोध के संदर्भ में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन करते हुए जिला महामंत्री संजय सोनी ने उपस्थित समस्त पदाधिकारियों एवं व्यापारियों को अवगत कराया कि यह बैठक मुख्य रूप से 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस को विशाल रूप से मनाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी के साथ जिलाध्यक्ष राजेन्द्र से हुए बैठक में वार्ता के संदर्भ में और 27 जून को ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में व्यापार मण्डल के रा./प्रा. अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल द्वारा आवाहन पर जिले में धरना प्रदर्शन और ज्ञापन के साथ अन्य व्यापारिक समस्याओं के विषयों पर चर्चा होगी।

### उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने की बैठक



पदाधिकारियों की बैठक में बोलते व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी।

बैठक में सभी से परामर्श के उपरांत जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने कहा कि योगा हमारी सभ्यता-संस्कृति का अभिन्न अंग है। यदि हम लोग प्रतिदिन योगा करते हैं, तो हमें स्वास्थ्य लाभ के अतिरिक्त मानसिक और आध्यात्मिक सुख की भी प्राप्ति होती है, इसलिए अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस में व्यापारियों की सहभागिता हेतु पहले 19 जून सोमवार को प्रातः 6 से 7 बजे तक गोपाल मंदिर श्री राम तिराहा में व्यापारी योगाभ्यास कैंप में योगा होगा। इसके बाद जिलाध्यक्ष राजेन्द्र जी ने यह भी बताया कि आन लाइन ट्रेडिंग से व्यवसायियों का व्यवसाय दिन प्रतिदिन चैपट होता जा रहा है, जिसके लिए व्यापार मण्डल के रा./प्रा. अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल जी के आह्वाहन पर 27 जून दिन-मंगलवार को व्यापारियों का विशाल प्रदर्शन कर प्रशासन को ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष अभय खंडेलवाल, जिला महामंत्री संजय सोनी, धीरज उपाध्याय, ज्ञान प्रकाश केसरवानी, नारायण खंडेलवाल, इंद्र देव तिवारी, दिनेश केसरवानी, शेख खदान, पवन कुमार, मनीष केसरवानी गुंजन, पवन सराफ, विनय सिंह, अख्तर राइन, कदीर अहमद, संजय केसरवानी, सरदार वसिंदर सिंह, पंकज केसरवानी, हरीश कुमार सोनी, दीपक कुमार केसरवानी, स्वप्नील जयसवाल, प्रभात कुमार सोनी, इफ्तिखार बॉबी, शकील अख्तर, प्रवीण केसरवानी आदि व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## हमका काहे का उड़ायू हम चिरैया तुम्हरी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शनिवार की शाम क्षेत्र के रानीगंज कैथौला स्थित केशव प्लाजा में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी व आयोजक गणों ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की। इस दौरान श्री तिवारी ने सभी कवियों को माला एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया साथ ही कवियों से अपनी रचनाओं द्वारा सामाजिक चेतना को जागृत रखने का आह्वान किया। इसी क्रम में आयोजक मण्डल द्वारा माननीय प्रमोद तिवारी जी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रयागराज से पधारे वरिष्ठ कवि राधेश्याम भारती ने हास्य रचनाओं से लोगों को गुदगुदाया। वहीं इटावां से पधारे राम भदावर ने रानी पद्मावती के जौहर की कविता पढ़ कर महफिल में जोश भरा। सोनी मिश्रा ने अपने श्रृंगारिक मुक्तकों व गीतों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिव किशोर तिवारी खंजन ने भ्रूण हत्या पर हमका काहे का उड़ायू हम चिरैया तुम्हरी पढ़ कर लोगों की आंखों को सजल कर दिया। प्रतापगढ़ की चर्चित कवियित्री अर्चना सिंह के प्रेम गीत पर श्रोता झूमते नजर आए। शैलेन्द्र मधुर ने पढ़ा हम हैं शंकर जहर पीते हैं तो लोग तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। युवा शायर आनन्द सिंह की शायरी की खूब सराहना हुई। लोगों की नजर इस युवा शायर पर ही गड़ी दिखी।कार्यक्रम का संचालन मेरठ से पधारे अंतरराष्ट्रीय कवि सौरभ जैन सुमन ने किया। अध्यक्षता डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी जी ने किया। कार्यक्रम का संयोजन हरि बहादुर हर्ष ने किया। इस मौके पर राम चन्द्र तिवारी, राम कृष्ण तिवारी, देवेन्द्र सिंह चैहान, ददन सिंह कछवाह, जय सिंह, अनिल कुमार सिंह, हरिश्चंद्र विश्वकर्मा, अर्जुन जायसवाल, जय प्रकाश जायसवाल, शिव बहादुर सरोज, विजय मिश्र बॉबी, विजय शंकर मिश्र, रावेन्द्र प्रताप सिंह, लल्लन आदि लोग मौजूद रहे।

# गुरुधाम यात्रा का हुआ स्वागत, सिरोपा देकर किया गया सम्मानित



गुरुधाम यात्रा के जत्थे में मौजूद पदाधिकारीगण।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पांच जून से निकली गुरुधाम यात्रा में लखनऊ गुरुद्वारा याहियागंज से प्रारंभ होकर लखनऊ, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, गोरखपुर, सीतापुर, कानपुर आदि शहरों से सिक्ख संगतों ने हिस्सा लिया। लगभग 125 तीर्थ यात्रियों से मणिकरन साहिब, चमकौर साहिब, माछीवाडा साहिब, आनंदपुर साहिब, सरहंद साहिब, दंरबार साहिब अमृतसर के लगभग 110 ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन कर संगते अपने को धन्य मान रही थी। यात्रा का स्वागत जहां पहुंचती, वहां की गुरुद्वारा कमेटियां प्रबंधकों का सिरोपा देकर सम्मानित कर रही थी। पूरे जत्थे का नेतृत्व सरदार संदीप सिंह ने कुशल जत्थे दारी अपनी टीम के साथ निभाई। अपने जनपद प्रतापगढ़ से सरदार मंजीत सिंह गोबिंद ने भी भरपूर सहयोग किया और यात्रा की समाप्ति पर लखनऊ पहुंचने पर लखनऊ की संगतों को नाश्ता जलपान कराया और सिरोपा देकर सम्मानित किया। उक्त जानकारी मंजीत सिंह गोबिंद ने दी।

## सड़क में बने गड्ढों से होकर राहगीरों का गुजरना हुआ मुश्किल

**पट्टी, प्रतापगढ़।** लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई सड़क टूटकर खस्ताहाल हो चुकी है। सड़क के किनारे तथा बीच में कई जगह गड्ढे हो चुके हैं, जिससे आने जाने वाले राहगीरों को मुसीबतों का सामना करना पड़ता है, लेकिन शिकायत के बाद भी विभाग और जिम्मेदार कोई कठोर कदम नहीं उठा रहे हैं। वहीं ग्रामीण सड़क को लेकर परेशान हैं। सरकार एक तरफ गड्ढा मुक्त सड़क होने का दावा करती है, लेकिन पट्टी में उपाध्यायपुर से निकलकर पहलमापुर नहर को जोड़ने वाली सड़क बीच में तथा कई जगह किनारे पर टूटकर खराब हो चुकी है, सड़क के बीचो बीच कई जगह पर गड्ढे हो चुके हैं। यहां से गुजरने वाले राहगीर करैला, मदाफरपुर, सुल्तानपुर प्रतापगढ़ तक आते जाते हैं। सड़क खराब हो जाने से लोगों को दूसरे रास्ते से होकर गुजरना होता है और काफी लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, लेकिन इस संबंध में जिम्मेदार कोई भी कठोर कदम नहीं उठा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### एसपी ने दो दर्जन से अधिक पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में किया परिवर्तन

**कौशाम्बी** जिले में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों एवम पटल पर तैनात पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्रों में परिवर्तन किया है,एसपी ने 26 कांस्टेबल, हेडकंस्टेबल के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है।

**धर्म परिवर्तन कराने वाला अभियुक्त गिरफ्तार : कौशाम्बी।** थाना सराय अकील अंतर्गत 17 जून 2023 को सूचना दी गयी की गांव कोटिया में कल्लू उर्फ जगजीवन लाल पुत्र स्व0 रामदीन पासी निवासी कोटिया थाना सराय अकिल व उसके कई साथियों द्वारा अपने घर पर गांव के भोले-भाले अनुसूचित जाति के लोगों को गुमराह कर उनकी बीमारी और समस्याओं को ठीक करने का लालच व प्रलोभन देकर तथा चमत्कार की बात बताकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है रविवार 11 जून 2023 दिन में एक सभा आयोजित की गयी थी इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम पंजीकृत कर इस क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त कल्लू उर्फ जगजीवन लाल पुत्र स्व0 रामदीन पासी निवासी कोटिया थाना सराय अकिल को जयन्तीपुर चौराहे से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# गड्ढे में भरे पानी में तीन बच्चे डूबे 2 जुड़वा बहनों की मौत

### एक की बचाई गई जान

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए तालाब और नदी के ठंडे पानी में नहाते समय मौत का सिलसिला बढ़ता ही जा रहा है,नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से अब तक कई लोगो की मौत हो चुकी है वही कई लोगो को जिंदा भी बचाया गया है।कौशाम्बी थाना क्षेत्र के दुल्हनियापुर गांव में शनिवार की शाम को मछलियां पलने के लिए भरे गए ताजा पानी के गढ्ढे में तीन बच्चे नहाने चले गए,नहाने के दौरान तीनों बच्चे डूबने लगे और गहरे पानी में चले गए,शोर मचाने पर लोग दौड़े और सभी को बाहर निकाला लेकिन तब तक दो सगी जुड़वा बहनों की मौत हो गई जबकि एक की जान बच गई। दुलहनियापुर गांव के रहने वाले श्रवण कुमार की दो सगी जुड़वा



बच्चियां रीना देवी और मीना देवी उम्र लगभग 6 वर्ष और बिट्टी गांव के बाहर100 मीटर दूरी पर खेत में 5 फीट गड्ढे में पानी भरा था, उसी गड्ढे में नहाने गई और तीनो डूब गई। बच्चियों के डूबने की सूचना पर पहुंचे परिजनो और ग्रामीणों ने सभी को बाहर निकाला लेकिन तब तक दोनो सगी जुड़वा बहनों की सांस थम चुकी थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।वही बच्चियों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने भरी हुंकार

**टेडीमोड कौशांबी।** जिले में ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार (तपजप) संगठन के जिला अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद राय के नेतृत्व में सिराथू कस्बे के बाबा कुटी में वार्ता करते हुए कहा गया कि ठगी पीड़ितों के भुगतान की गारंटी के अधिकार कानून अधिनियम जमा योजना पाबंदी अधिनियम 2019 के अंतर्गत जनपद कौशांबी के दस लाख ठगी पीड़ितों का भुगतान किया जाए उल्लेखनीय है कि मिशन भुगतान भारत यात्रा कार्यक्रम के तहत तपजप ने 25 अगस्त 2022 से ठगी पीड़ितों के मध्य एक जन चेतना कार्यक्रम शुरू किया गया था इस कार्यक्रम के तहत करीब 200 जिलों में सभाओं का आयोजन किया गया था। और बड्स एक्ट 2019 के विषय में ठगी पीड़ितों को जानकारी देकर उनके माध्यम से जिलाधिकारियों को कानून की अनुपालना सुनिश्चित करने हेतु ज्ञापन दिया गया था संगठन ने बताया कि जनपद कौशांबी में दर्जनों ठग कंपनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी ने बारी बारी से योजना बनाकर लगभग 10 लाख से अधिक कौशांबी के नागरिकों को धोखाधड़ी से ठगा है मोदी सरकार ने अधिनियम जमा योजना पाबंदी कानून 2019 बना कर ठगी करने वाली लगभग देश के दो लाख कंपनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी पर प्रतिबंध लगाते हुए देश के प्रत्येक ठगी पीड़ित के भुगतान की गारंटी प्रदान की है जिसका पालन अधिकारी नहीं कर रहे हैं। मोदी सरकार व सांसद एवं विधानसभाओ ने ठगी पीड़ित का भुगतान करने एवं ठगों को दण्ड देने के लिए सर्वसम्मति से उपरोक्त कानून आरबीआई की गाइडलाइन पर बनाया है। जिसे केंद्र एवं राज्य सरकारों ने अनुसूचित करते हुए नियम बनाये हैं ।जिनके तहत राज्य आवेदक पीड़ितों के जमा राशि का भुगतान करेगा और राज्य की ठगी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करवाकर उन्हें दंडित करेगा और उनकी व उनके व्यवसाय को संचालित करने वालों की चल अचल संपत्ति को कुर्क कर एवं नीलामी करके उन पर अधिरोपित करेगा। शासनादेश में कानून के अनुसार प्रत्येक सक्षम अधिकारी अथवा सहायता सक्षम अधिकारी अपने अधिकारिता क्षेत्र के निवासियों से उनके भुगतान के आवेदन लेकर उनका भुगतान कराएगा और ठग कंपनी या ठग सोसाइटी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करवाकर अदालत में अभियोग पत्र दाखिल करेगा। संगठन ने कहा कि उपरोक्त के अलावा संपूर्ण देश में एक्ट के तहत नामित सक्षम अधिकारी ,सहायक सक्षम अधिकारी विशेष अदालत लोक अभियोजक एवं पुलिस अधिकारी के कार्यालय के बाहर पद पट्टीकाएं लगवाए और स्पेशल काउंटर विंडो खुलवा कर पीड़ितों के आवेदन लेकर समय से कार्रवाई कराएं और सबका भुगतान उनकी जमा राशि की तीन गुणा तक 180 दिन में कराएं। इस मौके पर डा0 शिव चंद ,सत्य प्रकाश गोस्वामी, संतोष कुमार,डॉ लवलेश कुमार, प्रिजेश प्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष, रमेश चंद केसरवानी ,गणेश चंद केसरवानी, चंद शेखर विश्वकर्मा ,मिलन चौरसिया, राम प्रकाश पाल, आदि लोग उपस्थित थे।

# दोस्तों संग गंगा नहाने गए युवक की गंगा में डूबकर हुई मौत



**अझुवा कौशाम्बी।** अमावस्या पर्व पर कड़ा धाम के कुबरी गंगा घाट पर स्नान करने गए युवक की डूबने से मौत हो गई है, साथ में रहे अन्य दोस्तों की शोरगुल पर पहुंचे गोताखोरों ने नदी में कूदकर किशोर को तलाश कर बाहर निकाला। उसे आनन फानन अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है। घटना की जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कड़ा कुबरी गंगा घाट में सैनी कोतवाली क्षेत्र के धुमाई निवासी मनोज सिंह का 19 वर्षीय पुत्र अनुराग सिंह रविवार की सुबह अपने कुछ दोस्तों के साथ गंगा नदी के कुबरी घाट में स्नान करने गया था। स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथ रहे दोस्तों के शोर मचाने पर पर्व के दौरान सुरक्षा में लगे पुलिस बल और गोताखोरो ने किशोर के बचाव का प्रयास किया। जिसे तत्काल नदी से बाहर निकाल कर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने किशोर को मृत घोषित कर दिया है। घटना की जानकारी पर रोते विलखते पहुचे परिजनों में कोहराम मच गया है।

# जियारत करने गए कौशाम्बी के 5 युवक हरिद्वार में डूबे, चार मिले एक लापता

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** भरवारी कस्बे से हरिद्वार के कलियर शरीफ में साबिर पिया की दरगाह में जियारत करने गए पांच युवक शनिवार को एक नहर में डूब गए।डूब रहे चार युवकों को स्थानीय लोगों ने किसी तरह से बचा लिया है, जबकि एक युवक की खोजबीन जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों के होश उड़ गए जैसे ही मामले की जानकारी पार्षद मुन्नान हुसैन को हुई उन्होंने परिजनों को गंतव्य स्थान कर भेजने की व्यवस्था की परिजन शनिवार की शाम को हरिद्वार के लिए रवाना हो गए हैं। मोहल्ले में खराब हो चुकी लाइट के ना आने से भीषण गर्मी के चलते पार्षद ने तंबू पानी जनरेटर की व्यवस्था की। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 23 एपीजे अब्दुल कलाम नगर निवासी मैसर अली उर्फ मोनू 21वर्ष पुत्र हसमत उल्ला उर्फ लाला अपने साथी मो. शमी उर्फ सोनू 18 वर्ष मो. फैजुर्हमान उर्फ राजू 26 वर्ष शादाब 17 वर्ष पुत्र पप्पू और अदनान 17 वर्ष पुत्र महबूब आलम निवासी प्रयागराज के साथ हरिद्वार के कलियर शरीफ जियारत करने गए थे शनिवार को सभी कलियर शरीफ के साबिर पिया की दरगाह पहुंचे। जियारत करने से पहले पांचों बगल से गुजरी नहर में नहाने पहुंच गए। गहरे पानी में चले जाने से मैसर अली पानी की तेज धारा में बह गया। मैसर को बचाने के चक्कर में सभी लोग डूबने लगे। शोर मचने पर स्थानीय लोगों ने मो. शमी, अदनान, मो.फैजुर्हमान, शादाब को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन मैसर का नहर



में पता नहीं चला। मैसर की खोजबीन की जा रही है। शनिवार दोपहर बाद इसकी खबर भरवारी आई तो मैसर के परिजनों में हाहाकार मच गया। मैसर व उसके साथियों के परिजन हरिद्वार के लिए रवाना हो गए हैं। मैसर के साथियों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।कलियर शरीफ में नहर में डूबे मैसर का अता-पता नहीं चल रहा है। हरिद्वार प्रशासन मैसर की खोजबीन कर रहा है। मैसर की एक माह पहले ही 18 मई को उसकी शादी हुई थी। हादसे की खबर जैसे ही आई। मैसर की पत्नी घर में बेसुध हो गई। परिजनों के आंसू नहीं थम रहे हैं। कलियर शरीफ में स्थित नहर में समाए मैसर का भाई एक साल पहले सलमान तालाब में समा गया था। इससे उसकी मौत हो गई थी। सलमान की मौत से परिवार टूट गया था। किसी तरह मैसर ने परिवार को संभाला था। अब मैसर खुद नहर में समा गया है। उसकी खोजबीन की जा रही है। लोग अनहोनी की आशंका से सहमे हुए है।

### वांछित अभियुक्त को मोबाइल व पैसों के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कड़ाधाम अंतर्गत 29 मई 2023 को वादी संजय कुमार पुत्र सुन्दर निवासी भानीपुर थाना कड़ाधाम द्वारा थाना कड़ाधाम पर अपने घर में चोरी होने की सूचना दी गयी थी इस सम्बन्ध में थाना कडाधाम पर मुकदमा पंजीकृत कर साक्ष्य संकलन से घटना से सम्बन्धित प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त ताजीम पुत्र मो० मूसा निवासी अलावलपुर टिकरी थाना कडाधाम को मुखबिर की सूचना पर थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा भोला चौराहा सौरई बुजुर्ग से गिरफ्तार कर जमातलाशी से अभियुक्त के कब्जे से एक अदद मोबाइल फोन (एमआई कम्पनी) व 2215 रुपये बरामद कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 11 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना सरायअकिल से दो थाना कोखराज से दो थाना सैनी से सात कुल 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## 'काल बनती नदियां'

# कौशांबी में डूबती जिंदगियों का गुनहगार कौन! सरकार या नकारा सिस्टम

सुशील केशरवानी

**कौशाम्बी।** नदी और तालाब में नहाते वक्त हादसा इस बात का अलार्म है कि अगर आप नदी-पोखरों में नहाने जा रहे हैं, तो सतर्क रहिए। इन दिनों नदी-पोखरों में नहाना बेहद खतरनाक है। आंकड़े इस बात के गवाह हैं कि नहाने के दौरान हुई मौतों की तादाद में भारी इजाफा हुआ है। भीषण गर्मी के बीच नदी-पोखरों में डूबने की घटनाएं फिलहाल सबसे बड़ी आपदा हैं।हम गंगा यमुना को दोष क्यों दें हमसे तो हमारी किस्मत ही रूठ गई। हमने किसी बच्चे को नदी में डूबते नहीं देखा था। यह बाते उन परिजनों ने कही है जिनके बच्चे नदी में डूब गए हैं उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी की नदियों में अबकी बार पिछले साल के मुकाबले चार गुना लोगों की डूबने से मौत हो गईं। प्रयागराज और बनारस की नदियों में भी डूब कर मरने वालों की लंबी लिस्ट है इलाके से बहुत से लोग इस आस्था के साथ यमुना गंगा में डुबकी लगाने जाते हैं कि गंगा और यमुना नदी में स्नान करने से उन्हें मोक्ष मिलेगा लेकिन कौशाम्बी जिले की सीमा में दोनों नदियों में कई ऐसे घाट हैं कि आस्था की डुबकी लगाने वालों को मौत मिल रही है। यमुना नदी के बीच जलधारा से जेसीबी पोकलैंड मशीन लगा कर अवैध बालू खनन के चलते यमुना और गंगा नदी इतनी डेंजर हो गई है कि उसमें तमाम जिंदगियों मिटती जा रही हैं। आकड़ों पर गौर करें तो हालात बेहद चिंताजनक हैं। गंगा यमुना नदी में नहाते वक्त लगातार डूबने से हो रही मौत के बाद भी कही खतरे के निशान के बोर्ड नहीं लगाए गए हैं इसे सरकार और सिस्टम का नकारा पन कहे या कुछ और । नागरिकों की जान बचाने के लिए जिन महकमों पर जिम्मेदारी डाली गई है वो कोई ठोस प्रयास करते नजर नहीं आ रहे हैं, जिसके चलते उन पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं प्राकृतिक आपदाओं में मौत होने पर सरकार चार लाख रुपये मुआवजा देती है। कौशांबी की नदियों में मरने वालों के परिजनों को कितना मुआवजा मिला है इस बात के आंकड़े नहीं मिल सके हैं।

### नदियों और तालाबों में डूबकर मरने वालों के आंकड़े चिंता का विषय



कौशांबी में कुछ दिनों के बीच गंगा यमुना नदी और तालाब में डूबने के आंकड़ों पर गौर करें तो 17 जून को पिपरी थाना क्षेत्र के सेवढ़ा यमुना घाट पर 3 युवकों की डूबकर मौत हो गई जबकि एक युवक को स्थानीय लोगों ने बचा लिया सलवन रायबरेली के ट्रक चालक अमित सोनकर यमुना नदी के भखान्दा घाट बालू लेने आए थे लेकिन नहाते वक्त यमुना नदी में डूब गए हैं जिससे उनकी मौत हो गई है कड़ा कालेश्वर गंगा घाट में सूरज तिवारी 16 वर्ष पुत्र अनिल कुमार तिवारी नहाते वक्त डूब गए हैं गंगा दशहरा के दिन अनूप सोनी 14 वर्ष पुत्र कमलेश निवासी मूरतगंज पल्हना घाट गंगा में डूब गए हैं गंगा दशहरा के दिन काठ गांव में परमानंद यादव का बेटा प्रिंस तालाब में डूब गया है जिससे उसकी मौत हो गई है सैनी थाना क्षेत्र के गौसपुर निवासी सुरेश मौर्य कड़ा असदपुर कछार में नदी में डूब गए हैं जिससे उनकी मौत हो गई है इसी तरह इटैली पुर में अपने फूफा के घर में रहने वाला कृष्णा 12 वर्ष निवासी धुमाई थाना सैनी इटैलीपुर के तालाब में डूब गया है जिससे उसकी मौत हो गई है नदी में डूबने का सिलसिला नहीं रुक रहा है सांदीपन घाट थाना क्षेत्र के उजिहनी खालसा गांव में माधव सेन नाम के 55 वर्षीय व्यक्ति की नदी में डूबने से मौत हो गई है उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी हाथ में नाम लिखा हुआ था जिससे लोग उसे माधव सेन समझ रहे हैं इसी तरह दिल्ली से अपने दोस्त की शादी में साहिल पठान अम्बाई बुजुर्ग गांव आया था दोस्त के भाई रामकरण साहू के साथ साहिल पठान कड़ा गंगा घाट नहाने गया था जहां नहाने के दौरान रामकरण साहू और साहिल पठान दोनों डूब गए हैं और दोनों की मौत हो गई है।

गंगा यमुना नदी के घाटों पर सुरक्षा का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। डीप वॉटर बैरिकेडिंग अथवा जंजीर आदि की व्यवस्था भी नही है पुलिस और एनडीआरएफ जवान हादसे के बाद सिर्फ पंचनामा कराने पहुंचते हैं। बाकी समय वो क्या करते हैं, किसी को मालूम नही है सरकार कुछ भी नहीं कर पा रही है। गंगा यमुना के घाटों पर जल पुलिस और एनडीआरएफ के जवान भी तैनात नही रहते हैं मौत का सिलसिला बंद क्यों नहीं हो रहा है व्यवस्था दुरुस्त नहीं है।

## न्यूज झरोखा

### समाजवादी पार्टी के फिर जिला महासचिव बने गुलाम हुसैन

#### माल्यार्पण कर लोगों ने गुलाम हुसैन का किया जोरदार स्वागत



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत पुरानी बाजार निवासी गुलाम हुसैन के ऊपर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने एक बार फिर भरोसा जताते हुए उन्हें जिला महासचिव का पद सौपा है समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव बनाए जाने की जानकारी जैसे ही उनके समर्थकों को लगी लोगों ने गुलाम हुसैन को माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया है इस मौके पर एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए गुलाम हुसैन जिंदाबाद के नारे लगाए हैं। समाजवादी पार्टी के फिर जिला महासचिव बनाए गए गुलाम हुसैन ने कहा कि उन्हें पार्टी पर पूरा भरोसा है वह अपने दायित्वों का बखूबी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने उन पर भरोसा जताया है और वह समाजवादी पार्टी को बुलंदियों में ले जाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे इस अवसर पर पार्षद मुन्नान हुसैन बबलू गुड्डू उर्फ इफ्तखार अहमद जावेद अहमद बाबू साहब आदि लोग मौजूद रहे।

### वृद्धजन आश्रम में धूमधाम से मनाया गया फादर्स डे



**कौशांबी।** फादर्स डे के अवसर पर वृद्धजन आश्रम ओसा में फादर्स डे का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया है इस अवसर पर आश्रम संचालक आलोक राय ने आश्रम में उपस्थित वृद्ध जनों के चरण पूजा कर उनको मिठाई खिलाकर उनके स्वास्थ्य और उत्तम जीवन की कामना की और वृद्ध जनों से आशीर्वाद लिया फादर्स डे प्रत्येक वर्ष जून महीने के तीसरे रविवार को मनाया जाता है यह दिन पिता के त्याग और प्यार के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए समर्पित हैं।

### रहस्यमय परिस्थितियों में युवती लापता



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के तरसौरा गांव के रहने वाले जब्बर पटेल पुत्र हरिश्चन्द्र पटेल की पत्नी सरिता देवी 17 जून की दोपहर 3:00 बजे घर से खेतों की ओर निकली थी और अचानक लापता हो गई है सरिता देवी घर वापस नहीं पहुंची तो परिजन परेशान हो उठे सरिता देवी को खोजते खोजते उसके ससुराल वाले सरिता के मायके भी पहुंच गए लेकिन सरिता का कहीं पता नहीं चल सका है आसपास गांव रिश्तेदारी में खोजने के बाद परेशान परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए स्थानीय थाना पुलिस को तहरीर देकर सरिता देवी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है खबर लिखे जाने तक सरिता देवी का कहीं पता नहीं चल सका है।

# पति की पिटाई से आजिज पत्नी ने एसपी से लगाई गुहार

अखंड भारत संदेश

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अहिरारा गांव की रहने वाली सीता की शादी 2 वर्ष पहले सैनी थाना क्षेत्र के मलाका निंदूरा गांव के रहने वाले ईशू कुमार पटेल के साथ हुई थी। बताते चलें कि मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है जहां दहेज के लालची पति ने दहेज ना मिलने के चलते गर्भवती पत्नी को बेरहमी से पीटा है इसके पहले भी कई बार बेरहम पति पत्नी की पिटाई कर चुका है बार-बार पिटाई से आजिज जाकर महिला शिकायत लेकर समाधान दिवस सिराथू पहुंची है महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला सीता की माने तो शादी के बाद से ही यीशु और उसके परिवार वाले सीता पर दहेज में नगदी और जेवरात लाने के लिए दबाव बनाने लगे आए दिन उसके साथ मारपीट की जाने लगी सीता का कहना था कि इससे



पहले भी 6 माह का गर्भ होने के बावजूद भी उसके पति ने दहेज को लेकर मारपीट करते हुए उसके पेट पर लात मारा जिससे उसका गर्भपात हो चुका है।सीता की कोख में फिर 4 महीने का मासूम पल रहा है और उसके साथ घरवाले फिर वही सलूक कर रहे हैं जिससे तंग आकर सीता ने समाधान दिवस सिराथू पहुंचकर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव को शिकायती पत्र देते हुए न्याय की मांग की है।

# भाजपा के व्यापारी सम्मेलन में सांसद का हुआ विरोध

### मंत्री नंदी के कार्यक्रम में व्यापारियों ने कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर को दिखाए पोस्टर

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के भरवारी कस्बे में शनिवार को पीएम मोदी के कार्यकाल के सफल 9 साल बीतने पर भाजपा का व्यापारी सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूपी के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी थे,वही कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री और कौशाम्बी से सांसद विनोद सोनकर भी मौजूद थे।कार्यक्रम के दौरान जब सांसद ने मंच पर मोदी सरकार और योगी सरकार की उपलब्धियां गिनानी शुरू की तभी भरवारी के व्यापारियों ने सांसद से कौशाम्बी में 9 साल में किए गए कार्यों के पोस्टर और भरवारी के भवंस मेहता अस्पताल को ध्वस्त कर प्लाटिंग करने के सवाल वाले पोस्टर कुर्सी पर खड़े होकर



दिखाने लगे,सांसद के विरोधी स्लोगन लिखे पोस्टर दिखाते ही सांसद आक्रोशित हो गए,और उनके सहयोगी कार्यकर्ताओ ने उक्त लोगो से वह पोस्टर छीन लिए उन्हे शांत कर बैठा दिया। विरोध जताने वाले व्यापारियों से इस संबंध में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि पीएम मोदी के गुणगान गाने वाले सांसद ने कौशाम्बी जिले के लिए इन 9 सालो में क्या किया यह क्यों नही बताते,सांसद ने 9 साल पहले एक गांव शमशाबाद को गोद लिए था,उस गांव का विकास अभी तक नही कर पाए और जिले के विकास को गिना रहे है,विरोध कर रहे व्यापारियों ने बताया कि सांसद अथवा उनके लोगो ने भवंस मेहता अस्पताल को खरीद लिया ,सांसद ने भवंस मेहता अस्पताल को खाली कराने के समय कहा था कि यहां पैरामेडिकल कालेज खुलेगा ,लेकिन अब यहां पर प्लाटिंग की जा रही है। जिसको लेकर जनता में आक्रोश है।वही अपने खिलाफ पोस्टर दिखाए जाने को लेकर सांसद विनोद सोनकर बहुत क्रोधित दिखे और मंत्री नंदी से इस संबंध में बात करते हुए जनता और व्यापारियों के प्रति नाराजगी भी दिखाई।वही कस्बे के प्रबुद्ध लोगो का कहना है कि सांसद ने पैरामेडिकल कालेज खोलने के लिए ट्रस्ट की जमीन और बिल्डिंग को खरीदा था लेकिन अब वह यहां प्लाटिंग कर धन कमाने के लिए लग गए है यह जनता के साथ अन्याय है।



# कैंप लगाकर पार्षद प्रतिनिधि ने सुनी जन समस्याएं

**हर्रायपुर कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद भरवारी के दुर्गा भाभी नगर वार्ड नंबर 21 के पार्षद प्रतिनिधि हसनैन मंसूरी ने शनिवार को कैम्प लगा कर आम जनता की समस्याओं को सुना पार्षद प्रतिनिधि के कैंप में क्षेत्र के तमाम लोग उपस्थित हुए और उन्होंने अपनी समस्याओं से पार्षद प्रतिनिधि को अवगत कराया प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से संबंधित किसानों ने अपनी समस्याएं रखी जिसमे निधि योजना के मुख्य अधिकारी चन्द्रबली पाल ने किसानो की समस्या सुन कर उनका निस्तारण किया उन्होंने लोगों से कहा कि अभी भी कार्य प्रगति पर चल रहा है और किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा इस मौके पर क्षेत्र के लोगों ने इलाके में सड़क नाली की समस्या जल निकासी आदि पर भी पार्षद प्रतिनिधि का ध्यान आकृष्ट कराते हुए समस्याओं के समाधान की मांग की आम जनमानस की समस्याओं को सुनने के बाद पार्षद प्रतिनिधि ने उनकी समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिलाया है इस मौके पर सहयोगी प्रमोद कुमार वॉर्ड नंबर 21पार्षद प्रतिनिधि हसनैन मंसूरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

संपादकीय

# योग से करें तन-मन में नई ऊर्जा का संचार

मोहन मंगलम

**भारतीय** दर्शन में योग अति महत्वपूर्ण शब्द है। योग आत्म दर्शन से युक्त एवं स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से वैज्ञानिक एवं प्रमाणित विधि है। यह प्राचीन भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है। यह हमारी जीवन शैली में परिवर्तन लाकर हमारे अंदर जागरुकता पैदा करता है।
श्रीमद्भगवद्गीता में योग शब्द का कई बार प्रयोग हुआ है। यथा - बुद्धि योग, संन्यास योग, कर्म योग। श्रीमद्भगवद्गीता में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने योग को विभिन्न अर्थों में प्रयुक्त करते हुए कहा, "अनुकूलता, प्रतिकूलता, सिद्धि, सफलता, विफलता, जय, पराजय इन समस्त भावों के साथ में रहते हुए सम रहना ही योग है।" गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं, ह्ययोगः कर्मसु कौशलम्' अर्थात कर्मों में कुशलता ही योग है। योग की लोकप्रियता का रहस्य यह भी है कि यह लिंग, जाति, वर्ग, संप्रदाय, क्षेत्र एवं भाषा भेद की संकीर्णता से कभी आबद्ध नहीं रहा। साधक, चिंतक, ब्रह्मचारी, गृहस्थ कोई भी इसका सान्निध्य प्राप्त कर सकता है। महर्षि पतंजलि ने योग दर्शन में योग को परिभाषित करते हुए कहा, "चित्तवृत्ति निरोधः यानी मन को चंचल होने से रोकना ही योग है।" इसकी शुरूआत ही अनुशासन एवं मन की वृत्तियों को रोकने से होती है। वैदिक काल में चित्त की एकाग्रता और सांसारिक मुश्किलों को खत्म करने के लिए योग किया जाता था। योग से शांति तथा आनंद की प्राप्ति होती है। योग स्वस्थ जीवन व्यतीत करने की कला तथा विज्ञान है। योग जहां मन और आत्मा की अनंत क्षमता को बढ़ाकर आत्मज्ञान की प्राप्ति करवाता है, वहीं योग करने से शारीरिक तथा मानसिक लाभ भी मिलता है। महर्षि पतंजलि ने योग दर्शन में कहा है, ह्लआसन सिद्ध हो जाने पर श्वास प्रश्वास की गति को यथाशक्ति नियंत्रित करना ही प्राणायाम है।" उद्वेग, चिंता, क्रोध, निराशा, कामुकता आदि मनोविकारों का समाधान प्राणायाम द्वारा सरलतापूर्वक किया जा सकता है। मस्तिष्क की क्षमता को बढ़ाकर स्मरण शक्ति, कुशाग्रता, सूझबूझ, दूरदर्शिता, धारणा, प्रज्ञा, मेधा आदि मानसिक विशेषताओं का भी विकास किया जा सकता है। पतंजलि ने राजयोग पर विशेष ध्यान दिया। राजयोग को सभी योगों का राजा माना जाता है। उन्होंने इस योग के अंतर्गत अष्टांग योग रखा, जो इस प्रकार हैं झ्र यम (शपथ), नियम (आत्म अनुशासन), आसन (मुद्रा), प्राणायाम (श्वास नियंत्रण), प्रत्याहार (इंद्रियों का नियंत्रण), धारणा (एकाग्रता), ध्यान तथा समाधि (बंधनों से मुक्ति या परमात्मा से मिलाप)। अब योग के अन्य प्रकारों पर भी एक नजर डालते हैं। ज्ञान योग : यह योग ध्यान और मन से परिचित कराता है। इस योग से विचारों में शुद्धता आती है और अध्ययन करने की प्रवृत्ति बढ़ती है, जिससे बुद्धि का विकास होता है कर्म योग : कर्म योग का अर्थ है कर्म में लीन होना यानी कार्य करना। इस योग के माध्यम से व्यक्ति किसी भी मोह-माया में बंधे बिना अपना सांसारिक कार्य करता है तथा परमेश्वर में लीन हो जाता है। भक्ति योग : हर मनुष्य किसी न किसी रूप में अपने इष्ट पूजा करता है। भक्ति योग में हृदय में प्रेम और ईश्वर से जुड़ना होता है। महर्षि पतंजलि के बाद उनके अनुयायियों ने आसन, शरीर और मन की सफाई, क्रियाएं और प्राणायाम को महत्व दिया। आधुनिक काल में स्वामी विवेकानंद ने अमेरिका के शिकागो की धर्म संसद में योग की विशेषताओं का उल्लेख किया और पूरे विश्व को योग से परिचित कराया। महर्षि महेश, योगी परमहंस, रमण महर्षि समेत कई योगियों ने विश्व पटल पर योग के प्रचार-प्रसार में योगदान दिया। आज संपूर्ण विश्व में योग के कारण क्रांति आ गई है। योग को एक विज्ञान के रूप में मान्यता दी गयी है। योग संपूर्ण जीवनशैली है। पूर्ण चिकित्सा पद्धति है। प्रसन्नचित्त जीवन जीने की इच्छा हर किसी की होती है। योग को अपनाकर हम आरोग्य संवर्धन के साथ ही तनाव मुक्त, प्रसन्नचित्त जीवन का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। बस इसके लिए नियमित एवं अनुशासित रूप से योग को आत्मसात करते हुए इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की आवश्यकता है।

**योग दिवस की शुरूआत:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में दुनियाभर में योग दिवस मनाये जाने का आह्वान किया था। 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया और प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मान्यता दे दी। इसके अगले ही साल 2015 में पहली बार 21 जून को विश्व योग दिवस दुनिया भर में मनाया गया। आज विश्व भर में लोग स्वस्थ रहने के लिए योगाभ्यास कर रहे हैं।

**इनका ध्यान रखना है जरूरी:** योगासन करने के लिए ताजा और ठंडी हवा की जरूरत होती है। अगर यह मुमकिन नहीं है तो किसी भी खाली जगह पर योगासन कर सकते हैं। किसी भी योगासन को एकदम से यानी एक झटके से नहीं करना चाहिए। साथ ही एक मुद्रा से दूसरी मुद्रा में जाने के लिए जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। जिस प्रकार धीरे-धीरे इसकी शुरूआत करते हैं, उसी प्रकार धीरे-धीरे आसन या मुद्रा को बदलना चाहिए। योगासन करने से पहले अपने शरीर को वार्मअप करना जरूर चाहिए। इसके तहत पहले हल्का-फुल्का व्यायाम कर लेना चाहिए जिससे शरीर खुल जाता है और लचीलापन भी आता है।

**योग करने से लाभ:** योग हमारे जीवन को सकारात्मक तरीके से जीने और काम करने की ऊर्जा प्रदान करता है। योग करने से शारीरिक तथा मानसिक लाभ मिलता है। मांसपेशियां पुष्ट होती हैं तथा शरीर स्वस्थ, निरोग और बलवान बनता है। थकावट दूर होती है तथा नई उर्जा प्राप्त होती है। अच्छी नींद आती है और काम करने की क्षमता भी बढ़ती है। हमारे शरीर में फेफड़ों, हृदय और मस्तिष्क का विशेष महत्व है और इन तीनों का एक-दूसरे से गहरा सामंजस्य भी है। योग एवं प्राणायाम करने से ये तीनों अवयव बलिष्ठ होते हैं एवं जीवन निरोगी रहकर उन्नत होने लगता है।

# मणिपुर में नहीं रुक रही है हिंसा !

अशोक



**केंद्र** में भारतीय जनता पार्टी की सरकार, राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार लेकिन फिर भी हिंसा जारी है।क्या वजह है कि केंद्र और राज्य सरकार एक महीने से भी ज्यादा समय से जारी तनाव और हिंसा को काबू में नहीं कर पा रही है । क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह मणिपुर के मोर्चे पर विफल साबित हो रहे हैं? ऐसा आरोप विरोधी दल को लगाने का मौका मिल गया है । उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना (यूबीटी) ने शनिवार को मणिपुर हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कथित चुप्पी पर सवाल उठाया और आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्वोत्तर राज्य और केंद्र की ह्यडबल इंजनह्ल सरकार स्थिति को नियंत्रण में लाने में असफल हो गई है। शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र ह्यसामनाह्ल में प्रकाशित संपादकीय में कहा गया कि कुकी उग्रवादियों द्वारा किए जा रहे हमले में हिंदुओं की मौत हो रही है और हिन्दुत्व के कथित ह्यसुपरपॉवरह्ल (भाजपा का संदर्भ देते हुए) ने अपनी आंखें बंद कर ली है। पार्टी ने पूछा कि क्या मणिपुर के हिंदू, हिंदू नहीं हैं? विरोधी दलों का कहना है कि एक महीने से जारी हिंसा के बावजूद अब तक सार्वजनिक तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मुद्दे पर कुछ भी नहीं कहा है।
गौरतलब है कि पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार की रात एक बार फिर से हिंसात्मक घटना सामने आई है। इस बार उपद्रवियों ने केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री आरके रंजन सिंह के कोंगबा स्थित आवास को आग के हवाले कर दिया। गनीमत रही कि केंद्रीय मंत्री घटना के समय घर पर नहीं थे। इससे पहले कुछ उपद्रवियों ने बुधवार को इंफाल पश्चिम के लाम्फेल क्षेत्र में मंत्री नेमचा किपजेन के घर में आग लगा दी थी। किपजेन 2017 से कांगपोकपी निर्वाचन क्षेत्र से मणिपुर विधानसभा की सदस्य हैं। हिंसा का असर देखें तो कुकी और मैतेई समुदाय के बीच 42 दिनों से जारी इस हिंसा में अब तक 107 लोग मारे जा चुके हैं। 400 से ज्यादा घायल बताए जा रहे हैं। जगह-जगह आगजनी की घटनाएं सामने आ रहीं हैं। 80 हजार से ज्यादा लोग अपने घरों को छोड़कर कैंप में रहने को मजबूर हैं।
उल्लेखनीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर का दौरा किया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को मैतेई और कुकी समुदाय के बीच खाई पाटने की ज़िम्मेदारी दी गई, लेकिन मणिपुर में हिंसा लगातार जारी है। ताजा घटनाक्रनम में गुरुवार की रात इंफाल के कोंगबा में स्थित केंद्रीय मंत्री आरके रंजन सिंह के घर को आग लगा दी गई। उसके पहले बुधवार को एक गांव में संदिग्ध चरमपंथी हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई थी। गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर दौरे के समय सभी पक्षों से बात कर 15 दिनों के भीतर शांति बहाल करने की अपील की थी लेकिन हालात और खराब ही होते जा रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि हालात को ठीक करने के लिए जिस तरह के कदम उठाए जाने की जरूरत थी वो कदम ना केंद्र सरकार ने उठाए ना ही राज्य सरकार ने।
लगता है सरकार ने लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया है। कुकी और मैतेई दोनों ही समुदाय के लोगों को लग रहा है कि उन्हें अपनी सुरक्षा खुद करनी पड़ेगी क्योंकि सरकार उनके लिए कुछ कर ही नहीं रही है। और इसी वजह से हालात बिगड़ते चले गए क्योंकि लोग हिंसा से निपटने के लिए खुद हिंसा का ही सहारा ले रहे हैं।
विशेषज्ञ बताते हैं कि दोनों समुदायों के बीच लंबे समय से मतभेद होने के बावजूद राज्य में कुकी और मैतेई समुदाय शांतिपूर्वक रहते चले आए हैं। यहां तक कि दोनों के बीच व्यापारिक संबंध भी रहे हैं लेकिन अब हालात ऐसे हो गए हैं कि उनका एक दूसरे से भरोसा ही उठ गया है। मणिपुर में अब कुकी बहुल इलाके में कोई मैतेई कदम रखने की हिम्मत भी नहीं कर सकता।
वहीं दूसरी ओर मैतेई लोगों के इलाके में जाने का जोखिम कोई कुकी नहीं लेना चाहेगा। लोगों का कहना है कि जब तक केंद्र सरकार बहुत मजबूती से दखल नहीं देती और राज्य सरकार आम लोगों की सुरक्षा का बंदोबस्त नहीं करती, तब तक हिंसा का ये दौर नहीं थमेगा। राज्य में काम कर रहे मानवाधिकार कार्यकर्ता के. ओनील कहते हैं कि राज्य में जारी हिंसा से निपटने में जो गंभीरता केंद्र सरकार को दिखानी चाहिए थी वो उसने दिखाई नहीं। गृहमंत्री अमित शाह का मणिपुर दौरा भी महज खानापूर्ति था। उन्होंने किन्हीं ठोस उपायों की बात की ही नहीं। मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके की अध्यक्षता में केंद्र सरकार ने 51 लोगों की जो शांति कमेटी बनाई है उसको लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं।एक तरफ कुकी जनजाति की सर्वोच्च संस्था कुकी इंपी ने शांति समिति के गठन को खारिज किया है, वहीं मैतेई समुदाय का नेतृत्व कर रही कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी ने इस शांति कमेटी में शामिल नहीं होने की घोषणा की है। दरअसल हालात सुधारने के मकसद से सरकार ने जिस शांति समिति का गठन किया उसमें उन्होंने अपनी मजी से लोगों को शामिल किया। इस समिति में एक भी ऐसा शख़्स नहीं है जो राज्य के, इस इलाके के हालात का विशेषज्ञ हो। ऐसे लोग जो राज्य को ठीक से समझते हों उन्हें समिति में होना चाहिए था। तो इसी बात से सरकार के इरादे समझ में आ जाते हैं।
राज्य में मैतेई समुदाय और कुकी जनजाति के बीच जो जातीय विभाजन हुआ है उसे पाटने की ज़िम्मेदारी अब हिमंत बिस्वा सरमा को सौंपी गई है लेकिन मणिपुर में ही कई लोग इससे खुश नहीं हैं। मैतेई समुदाय के कुछ बुद्धिजीवियों का कहना है कि केंद्रीय नेतृत्व को यह समझना चाहिए कि हिमंत बिस्वा सरमा उत्तर पूर्वी राज्यों की आवाज के प्रतिनिधि नहीं हैं कि ओनील कहते हैं, ह्लहिमंत बिस्वा सरमा भला यहां क्या कर लेंगे। वो यहां के मुद्दे नहीं समझते। कोई उन पर भरोसा ही नहीं करता।ह्व हालाँकि निन्गोमबाम श्रीमा कहती हैं कि हिमंत बिस्वा सरमा ने शांति समिति से बात की है। वो अपनी तरफ से प्रयास कर रहे हैं लेकिन असल कदम राज्य और केंद्र सरकार को उठाना है।
वहीं भाजपा का कहना है कि हिमंत बिस्वा सरमा पूर्वोत्तर के बड़े नेता हैं और वे इस क्षेत्र की समस्याओं को समझते हैं।मणिपुर में वरिष्ठ भाजपा विधायक के इबोम्चा कहना है , "कुछ लोग हिमंत को लेकर गलत बात कर सकते हैं लेकिन वे नॉर्थ-ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस के संयोजक हैं और पूर्वोत्तर के नेता उनकी बात सुनते हैं।"
इस समय राज्य में हिंसा की वजह से आम लोगों को सुरक्षा संबंधी दिक़्क़तों के साथ महंगाई से भी जूझना पड़ रहा है। खाने-पीने की चीजों की कीमत में जबरदस्त इजाफा हो गया है। लोगों को दवाइयां मिलने में परेशानी हो रही है। चावल कई जगहों पर दो सौ रुपए किलो तक मिल रहा है।
यदि बात करे कि कैसे शुरू हुई हिंसा? तो बताया जाता है तीन मई को ये हिंसा तब शुरू हुई जब मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग के खिलाफ राज्य के कुकी समेत दूसरे जनजातीय समुदाय ने रैली निकाली जो बाद में हिंसक हो गई।उन्होंने मैतेई समुदाय पर हमले किए। जवाब में मैतेई समुदाय ने भी अपनी बदले की कार्रवाई शुरू कर दी और मैतेई बहुल इलाकों में रह रहे कुकी समुदाय के लोगों के घर जला दिए गए और उन पर हमले किए गए। इन हमलों के बाद मैतेई बहुल इलाकों में रहने वाले कुकी और कुकी बहुल इलाकों में रहने वाले मैतेई अपने-अपने घर छोड़कर जाने लगे। विशेषज्ञों का कहना है कि राज्य के पहाड़ी इलाकों से कुकी चरमपंथी मैतेई इलाकों में गोलीबारी कर रहे हैं जिससे बड़ी संख्या में मैतेई लोग मारे जा रहे हैं। फिलहाल राज्य में 40 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। इससे समझा जा सकता है कि हालात कितने खराब हैं।
गौरतलब है कि उत्तर पूर्व के राज्यों में से त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, असम और मणिपुर में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है जबकि बाकी राज्यों में भारतीय जनता पार्टी सत्ताधारी गठबंधन में शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जबसे सत्ता में आए हैं तब से वो दावा करते आए हैं कि पूर्वोत्तर भारत के साथ होते आ रहे भेदभाव को दूर करेंगे। उन्होंने दावा किया कि कभी हिंसा और अशांति के लिए जाने जाने वाले पूर्वोत्तर में अब चारों तरफ विकास हो रहा है लेकिन असल हालात कुछ और ही हैं। मणिपुर के अलावा भी असम, त्रिपुरा, मेघालय और मिजोरम में हिंसा लगातार होती रही है। अगस्त, 2021 में असम-मिजोरम सीमा पर हुई हिंसा में असम पुलिस के पांच जवान मारे गए थे। अक्टूबर-नवंबर 2021 में त्रिपुरा में हिंदू-मुसलमान हिंसा भड़क गई थी।नवंबर 2022 में असम-मेघालय सीमा पर हिंसा भड़क उठी थी जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि तमाम दावों के बावजूद क्या मोदी सरकार पूर्वोत्तर में पूरी तरह से शांति स्थापित करने में विफल रही है।

# अमेरिका द्वारा विकासशील देश का दर्जा छीनने पर चीन में बौखलाहट

सुनील कुमार महला



**हाल** ही में हमारे पड़ोसी चीन ने विकासशील देश का दर्जा को दिया है। दरअसल, हाल ही में अमेरिका ने चीन से उसका ह्यविकासशील देशह्ल का दर्जा छीन लिया है और अमेरिका के इस फैसले से चीन यानी कि ड्रैगन में बौखलाहट देखने को मिल रही है। वास्तव में चीन से विकासशील देश का दर्जा हटने से अब इसकी अर्थव्यवस्था पर असर पड़ना लगभग लगभग तय हो गया है। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्तमान समय में अमेरिका 26.854 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी है। वहीं, चीन 19.374 ट्रिलियन डॉलर के साथ दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी है। चीन के बाद जापान 4.410 ट्रिलियन डॉलर के साथ तीसरे नंबर और जर्मनी 4.309 ट्रिलियन के साथ चौथे नंबर पर है और इसके बाद भारत का नंबर आता है। अब चीन को विश्व बैंक(वर्ल्ड बैंक) और आईएमएफ यानी कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से कम ब्याज पर लोन नहीं मिल सकेगा। इस नये कानून से चीन की जीडीपी की ग्रोथ रेट और नीचे चली जाएगी। अब तक चीन विकासशील देश का दर्जा लेकर विश्व बैंक व अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से खूब फायदा उठा रहा था, क्यों कि विकासशील देशों को सस्ती दरों पर ये दोनों संस्थाएं कर्ज उपलब्ध कराती रहीं हैं। अमेरिका द्वारा चीन से विकासशील देश का दर्जा छीन लेने के बाद अब चीन सस्ता लोन लेकर गरीब देशों को अपने चंगुल में नहीं फंसा सकेगा। अब तक चीन ने विकासशील देश का दर्जा हासिल कर न केवल विश्व के कई गरीब देशों को अपने चंगुल में फंसाया था, बल्कि अमेरिका जैसे विश्व के एक शक्तिशाली देश तक को भी चीन ने नहीं छोड़ा था। चीन की नीति हमेशा हमेशा से ही एक विस्तारवादी देश की रही है और इसी विस्तारवादी नीति के तहत चीन ने विकासशील देश का दर्जा हासिल कर हमेशा विश्व के गरीब देशों पर अपना आधिपत्य जमाया अथवा आधिपत्य जमाने की भरपूर कोशिश की। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि चीन की दूसरे देशों के क्षेत्र पर कब्जा जमाने की नीति को ही विस्तारवादी नीति कहा जाता है। चीन ना केवल जमीनी सीमा पर बल्कि दूसरे देशों की समुद्री सीमाओं पर भी घुसपैठ करता रहता है वह सभी देशों की समुद्री सीमा पर अपना अधिकार जमाता है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में ड्रैगन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी है, इसलिए अमेरिकी संसद ने यह माना कि चीन को अब डेवलपिंग कंट्री का स्टेटस नहीं दिया जा सकता है। जानकारी देना चाहूंगा कि विश्व में अमेरिका और चीन विश्व के दो ऐसे बड़े व शक्तिशाली देश हैं,जिनके पास दुनिया में विश्व की सबसे बड़ी सेनाएं मौजूद हैं और वर्तमान में अमेरिका द्वारा चीन से विकासशील देश का दर्जा छीनना कहीं न कहीं यह दशार्ता है कि दोनों ही देशों में अब आपसी तकरार लगातार बढ़ रही है। वास्तव में अमेरिका ने चीन से विकासशील देश का दर्जा छीनकर उसे तगड़ा झटका दिया है। अमेरिकी संसद के इस कदम से निश्चित ही चीन की अर्थव्यवस्था पर बहुत बड़ा असर पड़ना लाजिमी है। चीन एक अत्यंत ही शातिर देश रहा है और वह विकासशील देश के नाम पर विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से सस्ता कर्ज लेकर उसी कर्ज को अत्यंत कठोर शर्तों और ब्याज दरों पर विश्व के गरीब देशों पर अपना आधिपत्य स्थापित करता है और यही उसकी विस्तारवादी नीति कहलाती है। उल्लेखनीय है कि इसी साल यानी कि वर्ष 2023 के मार्च के महीने में पहली बार अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में एक बिल लाया गया था। उस बिल की खास बात यह थी कि उसका मकसद सिर्फ और सिर्फ चीन पर लगाम कसना था, अब उस बिल को अमेरिकी संसद ने मंजूरी दे दी है। चीन ने डेवलपिंग कंट्री स्टेट्स का नाजायज फायदा उठाया है, इसीलिए उसका यह दर्जा अब चीन लिया गया है। दरअसल अमेरिका कभी भी यह नहीं चाहता है कि चीन कभी भी अमेरिका से अधिक शक्तिशाली बनें। आज दोनों ही देशों में आपसी प्रतिस्पर्धा है कि कौन अधिक शक्तिशाली है और दोनों के संबंध कुछ अच्छे नहीं हैं।

आपसी प्रतिस्पर्धा के चलते दोनों ही देशों में आपसी मनमुटाव है। दूसरे शब्दों में कहें तो दोनों ही देश एक दूसरे के रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं। आज चीन संयुक्त राज्य अमेरिका को एक आधिपत्य शक्ति के रूप में देख रहा है तो वहीं अमेरिका के साथ भी कुछ ऐसा ही है। जानकारी देना चाहूंगा कि डोनाल्ड ट्रम्प के समय, अमेरिका ने चीन पर बौद्धिक संपदा की साइबर चोरी, जबरन आईपी हस्तांतरण और अनुचित व्यापार प्रथाओं का आरोप लगाया था। अमेरिका ने उस समय यह तर्क दिया था कि अगर चीन गूगल और फेसबुक को चीन में प्रवेश करने से रोक सकता है, तो उसी तरह अमेरिका हुवावे और जेडटीई पर भी प्रतिबंध लगा सकता है। यह भी उल्लेखनीय है कि ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिकी घटकों और प्रौद्योगिकी तक पहुंच में कटौती करके हुआवेई पर प्रतिबंध कड़े कर दिए थे। कुछ समय पहले एक
आभासी शिखर सम्मेलन के बाद, राष्ट्रपति बिडेन ने चीन को यह कहा था कि 'चलो कुछ सही करें, हम एक दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं। हम पुराने दोस्त नहीं हैं। यह शुद्ध व्यवसाय है।' वास्तव में, द्विपक्षीय संबंधों की उनकी धारणा में विरोधाभास स्पष्ट है। यह भी उल्लेखनीय है कि यूक्रेन संकट में अमेरिका-चीन के संबंध तनावपूर्ण हुए हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि पद संभालने के तुरंत बाद, राष्ट्रपति बिडेन ने पूर्व और दक्षिण पूर्व एशिया में किसी भी विस्तार के खिलाफ चीन को चेतावनी भेजना शुरू कर दिया था। यहां तक कि अमेरिका ने पूर्व में दक्षिण चीन सागर में आक्रामक चीनी मुद्रा, हाइड्रोकार्बन और मत्स्य पालन के दोहन को भी खारिज कर दिया था। बिडेन प्रशासन ने चीन की आर्थिक नीतियों का विरोध भी जारी रखा है। इसके अलावा हाल के वर्षों में अमेरिका-चीन सैन्य संपर्कों में भी काफी गिरावट देखी गई है। यह सब दशार्ता है कि चीन और अमेरिका के संबंधों में लगातार गिरावट आ रही है।

# 'आदि-पुरुष': लाइवनेस लाने के चक्कर में सब गुड़ गोबर कर दिया

मुक्ता तैलंग मुक्त

**संस्कृत** भाषा साहित्य की दो धाराएं हैं वैदिक संस्कृत और लौकिक संस्कृत। वैदिक संस्कृत जो वेदों की भाषा है और लौकिक संस्कृत वह भाषा है जो सामान्य जनमानस में बोली जाने वाली भाषा थी। साहित्य की बात करें तो उसी भाषा में साहित्य का सृजन होता है जो भाषा जन मानस में प्रचलित होती है क्योंकि साहित्य में अधिकतर जो चरित्र लिए जाते हैं वे तत्कालीन समाज से प्रेरित होते हैं। या यूं कहिए की सामाजिक चरित्रों का ही प्रतिबिंब होते हैं। कहते हैं व्यक्ति के मन में जब पीड़ा, करुणा, संवेदना जागृत होती है तो उसी की अभिव्यक्ति काव्य में ढल जाती है। काव्य का उद्भव कैसे हुआ इस संदर्भ में कथा प्रचलित है। किसी निषाद (शिकारी) द्वारा क्रौंच-मिथुन (जोड़े) में से एक को तीर मार दिए जाने पर वह नीचे गिरकर तड़पने लगता है और दूसरा उसका साथी क्रौंच-पक्षी विलाप करने लगता है। क्रौंच-पक्षी की तड़प और विलाप सुनकर महर्षि वाल्मीकि का हृदय द्रवित हो जाता है और उनके मुख से स्वतः ही काव्य रूप में एक श्लोक प्रस्फुटित होता है। 'मा निषाद प्रतिष्ठाम् त्वम् गमः शाश्वती समाः।
यत् क्रौंचमिथुनादेकम् अवधि काम मोहितम्।।
यही लौकिक संस्कृत काव्य का प्रथम उदाहरण है और कहते हैं यह श्लोक ही रामायण की आधारशिला है। रामायण संस्कृत भाषा का प्रथम साहित्य ग्रंथ यानि आदि काव्य है। महर्षि वाल्मीकि आदिकवि हैं। रामायण में वर्णित प्रथम चरित्र भगवान राम को आदि-पुरुष कहा गया है। क्योंकि भगवान विष्णु का मानवीय रूप में अवतरण भगवान राम के रूप में हुआ था। अन्यथा इक्ष्वाकु वंश में अनेकानेक महान राजाओं ने जन्म लिया। जिनके पराक्रम की कथाएं भी सुनने को मिलती हैं। अतः लौकिक संस्कृत के प्रथम ग्रंथ के एक महान सामाजिक चरित्र थे मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम। जिनका सर्वप्रथम वर्णन महर्षि वाल्मीकि ने काव्यमय आख्यान के रूप में रामायण में किया। रामायण से पहले किसी भी ग्रंथ में भावुकता, संवेदना, पीड़ा, संस्कार, सामाजिक मयार्दा, परिवार और चरित्रों का वर्णन इतनी विस्तृत रूप में कहीं भी उपलब्ध नहीं है। संस्कृत भाषा का सर्वप्रथम काव्य यानि पद्य साहित्य का ग्रंथ होने के कारण इसे आदि काव्य कहा गया। और ग्रंथ के लेखक महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि कहा गया। इसमें वर्णित सभी चरित्रों को प्रथम सामाजिक चरित्रों के रूप में देखा जाता है। अतः फिल्म का नाम 'आदि पुरुष' सुनते ही मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम का धीरोदात्त चरित्र नेत्रों के सम्मुख उभरने लगता है और लगता है कि- इस फिल्म के माध्यम से हमें तत्कालीन सामाजिक, राजनीतिक, पारिवारिक, परिवेश, वेशभूषा संस्कृति भाषा शैली के साथ मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के श्रेष्ठ चरित्र को हर्दयंगम करने का एक और अवसर प्राप्त होगा। भारतीय समाज की धार्मिक और आध्यात्मिक आस्थाओं को बल मिलेगा। एक संपूर्ण विराट चरित्र को यथावत फिल्म के रूप में तीन घंटों के अंदर समेटना आसान काम नहीं था और यह पूर्णतया वर्षों के शोध का प्रतिफल होना चाहिए। इसी सोच के साथ कुछ विसंगतियों के चलते भी इसके प्रमोशन पर लोगों की प्रतिक्रियाएं सकारात्मक रहीं। ऐसा लग रहा था जैसे पूर्व में बनी हुई रामायण पर आधारित फिल्में जो आज भी जिस श्रद्धाभाव से देखी जाती हैं उसी श्रृंखला में एक और कड़ी जुड़ने वाली है। आधुनिक कंप्यूटरीकृत दृश्यों और संगीत इफेक्ट्स के साथ एक कालजयी चरित्र को दशार्ने वाली फिल्म भी कालजयी होगी जिसे अन्य रामायण पर आधारित फिल्मों की तरह बरसों तक अनेक बार देखा और सराहा जाएगा। जो कि आज के धार्मिक आध्यात्मिक माहौल की परिपोषक होगी। फिल्म के कलाकार वेशभूषा आदि पर अधिक विवाद भी नहीं था इसलिए उत्सुकता हुई कि- फिल्म देखी जानी चाहिए। पहले दिन, पहला शो देखने की बरसों पुरानी दीवानगी याद रही और बड़ी उत्सुकता के साथ चल दिए फिल्म देखने। किंतु फिल्म देखने के बाद निराशा ही हाथ लगी। फिल्म में तत्कालीन परिवेश, भाषा, शैली आदि दिखाने के स्थान पर कलात्मकता का समावेश अधिक किया गया था। आधुनिक फिल्म तकनीक, आधुनिक मिश्रित संगीत, और सबसे हास्यास्पद व्हाट्स एपिया संवादों का इस्तेमाल। वर्तमान परिपेक्ष में आधुनिक जनता को रिझाने और लाइवनेस लाने के चक्कर में सब कुछ गुड़ गोबर कर दिया।

# यूनिफॉर्म सिविल कोड का आगाज

किशन भावनानी गोंदिया

**वैश्विक** स्तरपर आदि अनादि काल से भारत एक विविधता में एकता वाला देश रहा है, जहां हजारों लाखों जातियां उपजातियां धर्म धार्मिक समुदायों का निवास रहा है जो आपसी प्रेम भाईचारे से रहते आए हैं और अपने अपने धर्म की मान्यताओं के अनुरूप पीढ़ियों से अपना जीवन व्यतीत करते आ रहे हैं परंतु कुछ दशकों से हम प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से देख सुन रहे हैं कि जाति धर्म मजहब समुदाय की बातों के प्रचलन में वृद्धि हुई है स्वाभाविक ही है कि वैचारिकता में भी असर पड़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता इसी को आधार बनाकर लगभग सभी दलों पार्टियों ने अपने जनाधार की नीतियां रणनीतियां इसी को लेकर बनाई जाती हैपरिणामतः हाई कॉलोनाइजेशन, ध्रुवीकरण, सहिष्णुता इत्यादि शब्दों का प्रयोग बढ़ गया है। मानव समाज में धर्म, जात-पात का आधार पर बढ़ गया है और कानून, सुविधाएं, छूटों, बंधनों में अब धार्मिकता जातपात के आधार पर मुद्दे उत्पन्न होने शुरू हो गए हैं, इसीलिए ही शायद करीब 75 वर्ष पूर्व बनाए गए संविधान में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) का प्रावधान किया गया था जिसे हम संविधान की दूरदर्शिता का अंदाज लगा सकते हैं। चूंकि दिनांक 14 जून 2023 को भारत के 22 वें विधि आयोग द्वारा यूसीसी को लागू करने के संबंध में कंसल्टेशन रिपोर्ट बनाने के लिए पंजीकृत धार्मिक संस्थाओं और आम जनता से सुझाव विचार दर्ज.कराने का अनुरोध किया है ताकि इस कानून को लागू करने की ओर कदम बढ़ाए जा सके,सुझाव विचार दर्ज कराने की तारीख 13 जुलाई याने नोटिस के 30 दिनों के अंदर निर्धारित की गई है। हालांकि इसके पूर्व 2016 में भी इसी तरह का नोटिस निर्गमित हुआ था और 2018 में इनकी रिपोर्ट दी गई थी जिसमें इसे लागू करने को गैरजरूरी बताया गया था और कुछ दिशानिर्देश सुझाव जारी किए गए थे, परंतु अब 3 सालों से अधिक की लंबी गैप के बाद फिर सुझाव मांगे गए हैं। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, यूसीसी का आगाज - कंसल्टेशन प्रक्रिया शुरू। साथियों बात अगर हम विधि आयोग द्वारा एक बार फिर यूसीसी कंसल्टेशन के लिए 14 जून 2023 को एक पुष्ठ का नोटिस जारी करने की करें तो, समान नागरिक संहिता का मुद्दा एक बार फिर गरमा रहा है इस मुद्दे पर लॉ कमिशन एक बार फिर कंसल्टेशन पेपर जारी करने जा रहा है, इसके लिए सार्नजनिक और धार्मिक संगठनों से राय मांगी गई है।

## काली भौठी में पत्थरों का हो रहा अवैध खनन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के सेमरदहा गांव के मजरा कुकरहाई पुरवा में काली भौठी के पास में गाटा संख्या 661 में बड़ी तेजी से अवैध खनन जारी है। 12-13 ट्राली टूटे पत्थर रखे हैं। पूंछने पर लोगों ने बताया कि अवैध खनन कई दिनों से चल रहा है।

रविवार को मानिकपुर तहसील के सेमरदहा के मजरा कुकरहाई पुरवा में पत्थरों का अवैध खनन तेजी से जारी है। प्रधान पति कमलेश यादव को अवैध खनन की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि किसने पत्थर तोड़े हैं, उन्हें नहीं पता। ये माना कि पत्थरों का अवैध खनन हो रहा है। उन्होंने कहा कि अपने स्तर से राजस्व कर्मियों को सूचित करेंगे। राजस्व कर्मियों के फोन नहीं लग रहे। लेखपाल को बताने के प्रयास किये हैं। एसडीएम मानिकपुर से ग्रामीणों ने मांग किया कि अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। अवैध खनन करने वालों पर कडी कार्यवाही की जाये।

## अमावस्या मेला पर पुलिस ने की संदिग्धों की जांच



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अषाढ मास की अमावस्या के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू अनुज मिश्र की देखरेख में मेला क्षेत्र में बडे पैमाने पर जांच की गई है।

रविवार को अमावस्या मेला के मद्देनजर पुलिस टीमों ने एसचेक टीम बांदा, डॉग स्क्वायड एवं एलआईयू की संयुक्त टीम ने अषाढ़ मास अमावस्या पर्व पर रामघाट, परिक्रमा मार्ग, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन परिसर आदि क्षेत्रों में सघन जांच की। जांच में पुलिस टीमों को कहीं कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति नहीं मिला। जांच टीम अपनी औपचारिकता पूर्णकर चली आई।

## पुलिस ने दबोचा तमंचा समेत युवक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी को जारी अभियान में भरतकूप थानाध्यक्ष सूबेदार बिंद की अगुवाई में दरोगा इमरान खान की टीम ने एक युवक के कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया।

रविवार को पुलिस टीम ने छोटा सविता पुत्र रामबाबू सविता निवासी गोंड़ा के कब्जे से एक तमंचा व कारतूस समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया। टीम दरोगा इमरान खान, सिपाही अजीजउद्दीन शामिल रहे।

## जिले में खुलेंगी संस्कार पाठशाला



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रभास महासभा कोर कमेटी की मासिक बैठक जिला संरक्षक शैलेंद्र गुप्ता के आवास पर महासभा के वरिष्ठ संरक्षक/सभासद शुभम केसरवानी की अध्यक्षता में हुई।

रविवार को हुई बैठक में संगठन ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई। प्रभास महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग ने कहा कि नगर में जल्द ही जगह-जगह संविधान गोष्ठी जाएगी। समाज में फैली जाति आधारित विषमता दूर करने एवं संविधान में वर्णित मूल्यों को जन- जन में प्रचार किया जायेगा। अध्यक्षता कर रहे शुभम केसरवानी ने कहा कि प्रभास महासभा बुंदेलखंड में सैकड़ों गांवों में निःशुल्क संस्कार पाठशाला खोलेगा। प्रथम चरण में जिला बांदा में पाठशाला शुरू की गई हैं। जिले में जल्द ही दस निःशुल्क पाठशालाएं शुरू की जाएंगी।

बैठक में प्रभास महासभा की राष्ट्रीय महासचिव साधना आनंद, प्रदेश प्रेरक इं अनिमेष गुप्ता, कोषाध्यक्ष विष्णु अग्रहरि, जिलाध्यक्ष आकाश सैनी, वीरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन केन्द्रीय प्रभारी रोहित कश्यप ने किया।

## सुरक्षा जवानों की ब्लाकों में होगी भर्ती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला सेवायोजन अधिकारी पीपीसी शर्मा ने बताया कि जिले के शिक्षित बेरोजगारों को सुरक्षा जवान भर्ती की जा रही है।

रविवार को सेवायोजन अधिकारी पीपीसी शर्मा ने बताया कि भर्ती में अधिक से अधिक युवा शामिल होकर लाभ उठायें। ज्यादा जानकारी को भर्ती अधिकारी के मो नं पर 7509781949, 8707815095 पर संपर्क करें। उन्होंने बताया कि जिले के सभी विकास खंडों में सुरक्षा जवान भर्ती की जायेगी।

उन्होंने बताया कि 20 जून को पहाड़ी ब्लाक, 21 जून को रामनगर ब्लाक, 22 जून को मानिकपुर ब्लाक, 23 जून को मऊ ब्लाक व 24 जून को कर्वी ब्लाक परिसर में भर्ती की जायेगी। अभ्यर्थी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति की दो फोटो लेकर भर्ती में हिस्सा ले सकते हैं।

## युवती हुई प्वाइजनिंग की शिकार

**अयोध्या। नगर कोतवा**ली क्षेत्र के वजीरगंज मोहल्ला निवासी 26 वर्षीय मोनी ने रविवार की रात कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। युवती की हालत बिगड़ी तो परिवार ने लाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हालंकि अभी कारण की जानकारी नहीं हो पाई है। जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि शुक्रवार की देर रात परिवार के लोग 26 वर्षीय मोनी पुत्री मोहम्मद नईम को गंभीर हाल में जिला अस्पताल लेकर आये थे।हालत गंभीर होने के चलते इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने युवती को उपचार के लिए भर्ती किया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भेजवाया गया है।

# गिराई जा रही सुरक्षा मानकों को दरकिनार कर बनी इमारत

## बिना नक्शा पास गिरेंगे सभी खंड, जिलाधिकारी की ईमानदारी पर है लोगों को भरोसा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर प्राधिकरण की सचिव श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव की देखरेख में जिला मुख्यालय में स्टेशन रोड में रामनाथ रामकिशुन धर्मशाला के आगे स्कूल संचालक अशोक गुप्ता की सुरक्षा मानकों को दरकिनार कर बनाई पांच मंजिल इमारत को गिराया जा रहा है। दूसरे दिन भी इमारत गिराने का कार्य जारी रहा।

रविवार को भी चित्रकूट क्षेत्र विशेष प्राधिकरण के जेई आनन्द प्रकाश द्विवेदी ने सुरक्षा मानकों को दरकिनार कर बनाई अशोक गुप्ता की पांच मंजिल व्यवसायिक इमारत को गिराने का सिलसिला जारी रखा। ये इमारत घरेलू नक्शा लेकर बनाई गई थी। कल से इमारत गिराने का काम शुरू हुआ था, जो आज भी जारी है। इस इमारत का दो मंजिल का नक्शा प्राधिकरण से मंजूर कराया गया था। दो मंजिल की जगह पांच मंजिल इमारत बिना नक्शे के खडी कर ली गई। इस दौरान प्राधिकरण ने कई बार अशोक गुप्ता को नोटिस जारी की, लेकिन दौलत के नशे में चूर अशोक गुप्ता ने नोटिस को कोई तवज्जो नहीं दी। वह दौलत के आगे जिला प्रशासन को अपनी चेरी समझ रहा था, इसके चलते उसने सुरक्षा मानकों को दरकिनार कर पांच मंजिली इमारत खडी कर ली। यहां तक कि ये इमारत जिलाधिकारी आवास से कुछ ही दूरी पर है। उसने जिलाधिकारी आवास की गोपनीयता पर भी गौर करने की जरूरत नहीं समझी। यहां



तक कि इमारत से कोई भी आतंकी जिलाधिकारी आवास को निशाना बना सकता है। इन सब कारणों व प्राधिकरण से नक्शा मंजूरी बिना इमारत बनाई गई थी। जिला प्रशासन सिर्फ ऊपरी मंजिल को ही ढहा रहा है, जबकि इमारत के दो खंड प्रशासन को ध्वस्त कराने चाहिए। ऐसा न कर जिला प्रशासन शायद दौलत के नशे में चूर के कहीं से प्रभाव में तो नहीं आ गया, जिसके चलते इमारत के दो खंड को नहीं तोडा जा रहा। लोगों को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की ईमानदारी पर पूरा भरोसा है कि वह किसी के प्रलोभन व प्रभाव में आने वाले नहीं हैं। ऐसे में इस इमारत का जितना नक्शा पास है, उतना छोडकर पूरी इमारत जिला प्रशासन जल्द गिराने की कार्यवाही करेगा।

**नये भवनों में चले बुलडोजरः सांसद**

**चित्रकूट।** इस इमारत के ध्वस्तीकरण बाबत सांसद आरके सिंह पटेल से प्रेसवार्ता में सवाल पूंछा गया तो उन्होंने कहा कि कोई भी कितना प्रभावशाली क्यों न हो, कानून सबके लिए बराबर है। पुराने भवनों को छोडकर नये भवनों में कानून का पालन हर हाल में होना चाहिए। चाहे कोई कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो। उन्होंने इमारत गिराने बाबत कहा कि यदि नक्शा पास नहीं है तो जिला प्रशासन को इमारत गिराने में कोई छूट नहीं देनी चाहिए। हर हाल में इमारत गिरनी चाहिए।

**रसूख कायम करने को लिया सफेद पोश का सहारा**

चित्रकूट। चर्चा है कि अपने रसूख को कायम रखने को अशोक गुप्ता ने सफेद पोशों का सहारा लिया है। सफेद पोश खुलेआम तो सामने नहीं आये, लेकिन अन्दर खाने से उसका सपोर्ट कर रहे हैं। ऐसे में वह रसूख व रुतबे के चलते जिले में कोई बडा हादसा इमारत के जरिये अंजाम देने के फिराक में है।

# भीषण गर्मी में अमावस्या पर्व पर लाखों ने लगाई डुबकी

## कामतानाथ की किया परिक्रमा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोस्थली में आषाढ़ माह के अमावस्या मेले में लाखों श्रद्धालु पहुंचे। मंदाकिनी नदी में आस्था की डुबकी लगा भगवान कामदगिरि की पूजा अर्चना की। अमावस्या मेले में तकरीबन पांच लाख श्रद्धालुओं ने मन्दाकिनी नदी में डुबकी लगाने के बाद कामदगिरि की परिक्रमा की।

रविवार को धार्मिक ग्रन्थों में विदित है कि वनवास काल में भगवान श्रीराम हर अमावस्या पर मंदाकिनी नदी में स्नान कर कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा करते थे। वनवास काल में भगवान राम पत्नी जानकी



और भाई लक्ष्मण के साथ चित्रकूट में 11 साल 11 महीना 11 दिन रहे हैं। आषाढ़ माह में अमावस्या के दिन लाखों की तादाद में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा कामदगिरि की पूजा अर्चना करते हैं।

लोगों का मानना है कि आषाढ माह अमावस्या के दिन जो भी मंदाकिनी नदी में आस्था की डुबकी लगा कामदगिरि की पूजा अर्चना कर परिक्रमा करते हैं, उनकी सभी मनोकामनायें पूरी होती हैं। धार्मिक नगरी में यूं तो हर माह अमावस्या मेला लगता है।

अषाढ माह की अमावस्या का विशेष महत्व है। देश भर के प्रान्तों से श्रद्धालु आते हैं। मन्दाकिनी में स्नान कर कामदगिरि की परिक्रमा करते हैं और पुण्य लाभ कमाते हैं। महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करती हैं और पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। ऐसी मान्यता है कि यहां के कण-कण में प्रभु श्रीराम का वास है और यहां आने वाले श्रद्धालुओं की विपदायें दूर होती हैं।

# तीन अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों से 15 किलो गांजा बरामद

## रैपुरा में भी एक गांजा कारोबारी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम कसे जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ राजापुर शीतला प्रसाद पाण्डेय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर की अगुवाई में पुलिस ने तीन अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों को 15 किलो गांजा समेत गिरफ्तार किया।

रविवार को पहाडी थाने के वरिष्ठ दरोगा राहुल पाण्डेय की टीम ने मुखबिर की सूचना पर सिंघनिया तालाब असोह के पास से सुखचन्द्र भत्रा पुत्र रतन भत्रा निवासी कुमुली थाना रायधर जिला नवरंग उड़ीसा को छह किलो गांजा, कार्तिक बड़नायक पुत्र नरसिंह निवासी




पिपलपुट थाना मांझाकुण्ड जिला कोरापुट उड़ीसा के कब्जे से पांच किलो गांजा व प्रिति गुन्था पत्नी भक्ता गुन्था निवासी आदिवासी कलौनी थाना रायधर जिला नवरंग उड़ीसा को चार किलो गांजा समेत गिरफ्तार किया। पूंछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे उड़ीसा से गांजा तस्करी करके लाते है। चित्रकूट, कौशाम्बी, फतेहपुर, बांदा एवं मप्र के सतना, रीवा में गांजा की आपूर्ति करते हैं। तीनों के खिलाफ पहाड़ी थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। बरामद गांजा की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 15 लाख रुपये कीमत आंकी गई है। टीम में वरिष्ठ दरोगा राहुल पाण्डेय, सिपाही जलील अहमद, दिलीप कुमार, महेन्द्र कुमार शुक्ला, अजीत पाल, महिला सिपाही रोशनी शामिल रहे। इसी क्रम में थानध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा अजय बहादुर सिंह की टीम ने भारत सिंह पुत्र बुद्धिमान निवासी खजुरिहा कला के कब्जे से एक किलो 190 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा अजय बहादुर सिंह, सिपाही तिलक राज, नंदलाल शामिल रहे।

# प्रधान ने सचिव के खिलाफ डीएम को लिखा पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के लौढिहामाफी गांव की प्रधान श्रीमती चम्पा देवी राजपूत ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि उसके गांव में सचिव उत्कर्ष सिंह ने फर्नीचर व हैण्डपम्प का सामान बेकार किस्म का दिया है। पीडिता ने कहा कि बेकार किस्म के कुर्सी, मेज, दरी दी गई हैं। इससे बैठक करने में दिक्कते हो रही हैं।

रविवार को मानिकपुर तहसील के लौढियामाफी गांव की प्रधान श्रीमती चम्पा देवी राजपूत ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि ग्राम पंचायत सचिव ने फर्नीचर खरीद में गडबडी की है। सचिव से कहने पर कहा है कि फर्नीचर का सामान दुकानदार से उधार लिया है। प्रधान ने दुकानदार को चेक दिया था। सचिव उत्कर्ष सिंह ने सामान की खरीद सही ढंग से नहीं की है। पुरे सामान का भुगतान पचास हजार रुपये कर दिया है। सामान की खरीद की गारंटी भी नहीं है। प्रधान ने पत्र में कहा कि हैण्डपम्प का भुगतान ग्राम पंचायत में एक वर्ष से नहीं किया। दुकानदार सामान देने से मना करते हैं। हैण्डपम्प बनवाने में समस्या आ रही है। सचिव उत्कर्ष सिंह पुराने स्टाक उससे मांग रहे हैं। 25 जून से उसका कार्यकाल दो वर्ष पूरा हो रहा है। पुराने स्टाक के बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है। हैण्डपम्प रिजेक्ट का सामान कभी कोई लाता था, कभी कोई नहीं लाता था। दूर-दराज से आने वाले लोगों से हैण्डपम्प रिजेक्ट सामान न लाने से नया सामान देने से इंकार नहीं किया। दो वर्ष से हैण्डपम्प बराबर बनवा रहे हैं।

प्रधान ने कहा कि उससे कोई अनियमितता नहीं हुई है। पूर्व प्रधान से पुराना स्टाक मिलना चाहिए, उसकी व सचिव की जवाबदेही बनती है।

# टैंकर व ट्राला में भिड़ंत के बाद लगी आग, दो की जलकर मौत

**रूदौली-अयोध्या। थाना** पटरंगा क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर रानी मऊ चौराहे पर शनिवार रात्रि लगभग ढाई बजे नेपाल से मार्बल उतारकर वापस लौट रहे ट्राला व बस्ती की ओर चारकोल लादकर जा रहे टैंकर में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें ट्रक व टैंकर में तेज धमाके के बाद आग लग गई और धू-धू कर टैंकर जलने लगा। परिचालक गम्भीर रूप से घायल हो गया व ट्राला चालक और परिचालक की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सीओ रूदौली सतेंद्र भूषण तिवारी,एसओ पटरंगा,कोतवाल



रूदौली, एसएसओ रौनाही,एसओ मवई ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा फायर बिग्रेड की टीम ने जल रहे दोनो वाहनों को बुझाया। पुलिस के अनुसार पटरंगा थाना क्षेत्र के रानीमऊ गांव के राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार की रात्रि लगभग ढाई बजे ट्रक संख्या आर जे 29 जीबी 1563 नेपाल से मार्बल उतार कर वापस लौट रहा था।

## लखनऊ हाईवे पर परिवार हादसे का शिकार

**अयोध्या। रौनाही** थाना क्षेत्र में लखनऊ हाईवे पर शुक्रवार की रात एक परिवार हादसे का शिकार हो गया। कार में टैंकर की टक्कर के चलते पति-पत्नी समेत चार घायल हो गए।

जिला अस्पताल लाए जाने पर चिकित्सकों ने 3 को भर्ती किया है जबकि उत्तरी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी है। रौनाही थाना क्षेत्र के मुबारक गंज निवासी शारदा प्रसाद गुप्ता पुत्र भगवती प्रसाद शुक्रवार को अपनी कार से ससुराल पड़ोसी जनपद बाराबंकी के अलियाबाद गए थे।

## रपटा को सीएमओ ने बनाया जागीर, फाटक खुलने से मरी हजारों मछलियां



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नयागांव नगर पंचायत की हठधर्मिता से छोटे पुल के आसपास हजारों मछलियां मर गईं। लोगों ने मछलियां मरने पर रोष जताया। सतना कलेक्टर से दोषी सीएमओ के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

रविवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से नयागांव रपटा के फाटक खुले थे। फिर अमावस्या में अचानक फाटक बंद कर दिए गये। फाटक बंद होने से रपटा के आगे का जल स्तर कम हो गया। शनिवार को पूरा दिन पानी ओवरफ्लो नहीं हुआ। जिससे मछलियां कम पानी में तड़पकर मर गईं। हजारों मछलियों के बच्चे शनिवार को नदी में उतराते रहे। स्थानीय लोगों ने मछलियां मरने पर रोष जताया।

बता दें कि बारिश दौरान ही नयागांव रपटा के फाटक खोले जाते थे, लेकिन नगर पंचायत नयागांव के सीएमओ ने रपटा को अपनी जागीर बना लिया है। आये दिन कभी सफाई के नाम पर कभी अन्य कारण बताकर इस वर्ष 20-30 बार फाटक खोला गया। इस बार भीषण गर्मी में फाटक खुलने से हजारों मछलियां मर गईं। दोषी सीएमओ के खिलाफ सतना कलेक्टर से जांचकर कार्यवाही की मांग की गई है।

## स्वच्छता के प्रति सभी लोग दें ध्यान




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के 74वां अभियान कामतानाथ परिक्रमा में चलाया गया। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की प्रेरणा से स्वच्छ भारत मिशन के तहत बरहा हनुमान मन्दिर मे अभियान चला।

रविवार को नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अधिशासी अधिकारी लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान एक राष्ट्रव्यापी सफाई अभियान है। इसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। ब्रांड एम्बेसडर नगर पालिका राकेश केसरवानी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अभियान से स्वच्छता अभियान चलाकर आमजनता को जागरूक किया जाता है। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि स्वच्छता के प्रति सभी लोगों को जिम्मेदार होना चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान है। वार्ड मेम्बर शुभम केसरवानी ने कहा कि स्वच्छता एक महत्वपूर्ण विषय है। सभी को स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए। इस मौके पर अंजू वर्मा, राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केसरवानी, अंकुर केसरवानी, मनोज कुमार, विनोद कुमार, स्वच्छता प्रभारी जानकी प्रसाद व नगर पालिका की टीम ने स्वच्छता में सहयोग किया।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, दो घायल

**अयोध्या। गोरखपुर हाईवे** स्थित अयोध्या कोतवाली क्षेत्र का बूथ नंबर 4 एक बार फिर हादसे का गवाह बना। ट्रक की साइड लगने के चलते मोटरसाइकिल सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि दो अन्य घायलों को उपचार के लिए श्रीराम चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है । बताया गया कि पड़ोसी जनपद बस्ती के थाना छावनी स्थित नेतवर, विक्रमजोत निवासी मोहित शुक्रवार की शाम अपने साथ 2 महिलाओं को लेकर इलाज कराने फैजाबाद आया था। चिकित्सक को दिखाने के बाद देर शाम वह मोटरसाइकिल से वापस अपने घर की ओर जा रहा कि अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के बूथ नंबर 4 के पास उधर से गुजर रहे किसी ट्रक ने मोटरसाइकिल में साइड मार दी,जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई और उस पर सवार महिला माधुरी पत्नी रामकृष्ण ट्रक के पहिए की चपेट में आ गई,जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चालक मोहित और दूसरी सवार महिला सीमा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने घायलों को रात में उपचार के लिए भर्ती कराया है। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि हादसे में एक महिला की मौत हुई है।

## नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से एक व्यक्ति की मौत, 25 लापता

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्वी हिस्से में बाढ़ और भूस्खलन से जन-धन की हानि हुई है। पुलिस के के मुताबिक, भूस्खलन और बाढ़ के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई है और 25 लापता हैं। संखुवासभा




जिले के हेवाखोला में बीती रात आई बाढ़ में सात घर बह गए। पुलिस ने बताया है कि सुपर हेवाखोला जलविद्युत में काम करने वाले 16 मजदूरों का बाढ़ के कारण संपर्क टूट गया है । रविवार सुबह सिर्फ एक मजदूर का शव मिला। पांचथर जिले में बाढ़ के कारण पांच लोग लापता हो गए हैं। तापलेजुड़ जिले में भूस्खलन से एक ही परिवार के तीन सदस्य लापता हैं। एक अन्य व्यक्ति अपने माता-पिता को उनके घर से निकालने के दौरान लापता हो गया है।

## सूडान की राजधानी खार्तूम में वायुसेना ने बरसाए बम, पांच बच्चों समेत 17 लोग मारे गए

**खार्तूम।** सूडान में छिड़े गृहयुद्ध के बीच राजधानी खार्तूम के दक्षिणी हिस्से में देश की वायुसेना के हमले में पांच बच्चों सहित कम से कम 17 नागरिकों की मौत हो गई। मृतकों में महिलाएं भी शामिल हैं। वायुसेना की इस बमबारी पर सूडान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने फेसबुक पर बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है कि खार्तूम के दक्षिणी हिस्से में स्थित अल-यरमौक और मेयो इलाके हवाई हमले की चपेट में आ गए। इस बमबारी में पांच बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित 17 लोगों की मौत हुई। बमबारी में 25 मकान जमींदोज हो गए।



प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सूडानी की वायुसेना के शक्तिशाली बमों के धमाकों से आसमान धुआं-धुआं हो गया। रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) ने विमानभेदी तोपों से जवाब दिया।

दरअसल सूडान में नागरिक सरकार को सत्ता हस्तांतरित करने की मांग को लेकर 2021 से ही संघर्ष चल रहा है। मुख्य विवाद सेना और अर्धसैनिक बल आरएसएफ के विलय को लेकर है। खार्तूम और देश के अन्य इलाकों में शुरू संघर्ष, सेना और वहां के अर्धसैनिक बल के बीच के बुरे शक्ति संघर्ष का नतीजा है। लगभग एक लाख की संख्या वाली रैपिड सपोर्ट फोर्स के सेना में विलय के बाद बनने वाली नई सेना का नेतृत्व कौन करेगा, इस पर सहमति नहीं बन पा रही है।

## लंदन में भारतीय मूल के युवक की चाकू घोंपकर हत्या

**लंदन।** भारतीय मूल के अरविंद शशिकुमार (38) की दक्षिण लंदन में चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। तीन दिन पहले भी चाकू से वार कर ब्रिटिश-भारतीय किशोर और हैदराबाद के एक छात्र की हत्या की जा चुकी है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि अरविंद शशिकुमार की साउथेम्प्टन-वे में एक आवासीय संपत्ति के बाहर सीने पर चाकू से वार किए जाने के बाद मौत हो गई। पुलिस ने शशिकुमार के रूममेट सलमान सलीम (25) पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने कहा कि सलीम उसी दिन क्रॉयडन मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश हुआ और उसे 20 जून को ओल्ड बेली में पेश होने के लिए हिरासत में भेज दिया गया। शशिकुमार भारत के केरल के रहने वाले थे। उनके परिवार को सूचित कर दिया गया है।



## पाकिस्तान में अब कोई भी जीवनभर के लिए संसद के अयोग्य नहीं रहेगा, विधेयक पारित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अब कोई भी जीवनभर के लिए संसद के अयोग्य नहीं रहेगा। पाकिस्तान की संसद (सीनेट) ने यह सुनिश्चित करने के लिए विधेयक पारित किया है। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि यह विधेयक पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की देश में वापसी और आगामी चुनाव में उनकी भागीदारी का रास्ता साफ करने की कवायद है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ (73) को 2017 में सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ ने अयोग्य घोषित कर दिया था। सालभर बाद सुनाए गए अदालशी आदेश के बाद वह कानून के तहत जीवनभर सांसद बनने के लिए अयोग्य हो गए थे।

नवाज शरीफ इलाज के लिए नवंबर 2019 से लंदन में रह रहे हैं। लंदन जाने से पहले वह अल-अजीजिया भ्रष्टाचार केस में लाहौर की कोट लखपत जेल में सात साल की कैद की सजा काट रहे थे। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि संसद ने सांसदों की अयोग्यता को पांच साल तक सीमित करने संबंधी विधेयक पारित किया है यह घटनाक्रम



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा अपने बड़े भाई नवाज शरीफ से स्वदेश लौटने, आम चुनाव के लिए पार्टी के प्रचार अभियान का नेतृत्व करने और रिकॉर्ड चौथी बार देश का प्रधानमंत्री बनने की अपील करने के एक दिन बाद हुआ। सीनेट में विधेयक की एक प्रति शुक्रवार को पेश की गई। इसमें चुनाव अधिनियम 2017 की धारा-232 (योग्यता व अयोग्यता) में संशोधन का प्रस्ताव शामिल है।

संशोधनों के मुताबिक, अगर संविधान में अयोग्यता के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं है, तो किसी व्यक्ति के संसद का सदस्य बनने की योग्यता संविधान के अनुच्छेद 62 और 63 के तहत निर्धारित मानदंडों के अनुसार तय की जाएगी। अदालत के फैसले के माध्यम से अयोग्य ठहराए गए किसी भी व्यक्ति को फैसले की घोषणा के दिन से अधिकतम पांच साल के लिए अयोग्य घोषित किया जाएगा। संशोधनों के अनुसार, अनुच्छेद 62(1)(एफ) के तहत अयोग्यता पांच साल से अधिक नहीं होगी। सीनेट ने इसी के साथ पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग को चुनाव की तारीख घोषित करने का अधिकार देने वाले संशोधन को भी मंजूरी दी है।

## प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत की अमेरिका में जोरदार तैयारी, हॉलीवुड अभिनेत्री मैरी मिलबेन उत्सुक

**वाशिंगटन।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत के लिए अमेरिका में तैयारियां शबाब पर हैं। इसके लिए जोरदार तैयारी की गई है। प्रधानमंत्री मोदी अगले हफ्ते अमेरिका की पहली आधिकारिक राजकीय यात्रा पर पहुंच रहे हैं। हॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री एवं गायिका मैरी मिलबेन न्यूयॉर्क और वाशिंगटन डीसी में होने वाली उनके कार्यक्रमों में प्रस्तुति देंगी। यह जानकारी विज्ञप्ति में दी गई।

अभिनेत्री मिलबेन (38) अफ्रीकी मूल की अमेरिकी नागरिक हैं। मिलबेन भारत के राष्ट्रगान-जन गण मनज और भजन-ओम जय जगदीश हरेज्को अपनी आवाज देकर भारतीयों के बीच लोकप्रिय हो चुकी हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक मिलबेन 21 जून को नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय (यूएनएचक्यू) के नॉर्थ लॉन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। अभिनेत्री मिलबने ने कहा है वह संयुक्त राष्ट्र



महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी, संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज और न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स के साथ प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करने को लेकर उत्सुक हूं। विज्ञप्ति के मुताबिक मिलबेन को 23 जून को वाशिंगटन की रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग में आयोजित होने वाले भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के लिए भी आमंत्रित किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर 21 जून से 24 जून तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। बाइडन और उनकी पत्नी 22 जून को राजकीय रात्रिभोज में मोदी की मेजबानी करेंगे। भारत के प्रधानमंत्री मोदी 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। वह 23 जून को वाशिंगटन में इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर और रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग में देशभर से आए भारतीय-अमेरिकियों की सभा को भी संबोधित करेंगे। मिलबेन कहना है कि भारत के प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा को लेकर वह आशान्वित और उत्साहित है। यह यात्रा भारत-अमेरिकी संबंधों का महोत्सव है। यह दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्र का संगम है। विश्व के सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी देशों की आत्मीयता का सर्वोच्च उदाहरण है। अमेरिकी संसद की संचालन समिति ने मिलबेन को आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री मोदी की आधिकारिक राजकीय यात्रा के दौरान उनके विभिन्न कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया है। सनद रहे मिलबेन को अगस्त 2022 में भारत के स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया था।

## अमेरिका के विदेशमंत्री ब्लिंकन पहुंचे चीन, बीजिंग में आज मिलेंगे राष्ट्रपति जिनपिंग से



**बीजिंग।** अमेरिका के विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन रविवार को बीजिंग पहुंच गए। इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को कम करना है। अमेरिका में जो बाइडन के राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद से ब्लिंकन चीन पहुंचने वाले सर्वोच्च स्तर के पहले अमेरिकी अधिकारी और पांच वर्ष में यात्रा करने वाले पहले विदेश मंत्री हैं। ब्लिंकन दो दिवसीय वार्ता के लिए बीजिंग पहुंचे हैं। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार वह आज छिन कांग और सोमवार को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलेंगे। उल्लेखनीय है कि बाइडन और जिनपिंग ने पिछले वर्ष बाली में एक बैठक में जल्द ही ब्लिंकन की यात्रा पर सहमति व्यक्त की थी। यह यात्रा फरवरी में प्रस्तावित थी, लेकिन अमेरिका के आसमान में चीन के जासूसी गुब्बारे का मामला सामने आने के बाद इसमें लगातार विलंब होता गया।

## हमें चुनौती देने के लिए ही प्रचंड बना रहे समाजवादी मोर्चा: केपी ओली

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री एवं सीपीएन (एमसी) के अध्यक्ष पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' के समाजवादी मोर्चे के गठन की घोषणा के बाद से विपक्षी दल कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। मुख्य विपक्षी दल सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने कहा है कि उनको चुनौती देने के लिए ही प्रचंड ने यह मोर्चा बनाने का फैसला किया है। केपी शर्मा ओली ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से कहा कि यह मोर्चा सीपीएन (यूएमएल) के साथ-साथ सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस को भी एक तरह की चुनौती ही है।

इसी बीच, सीपीएन (यूएस) के अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल ने समाजवादी मोर्चे के गठन के मुद्दे पर प्रचंड का समर्थन किया है। माधव नेपाल ने पत्रकारों से कहा कि हम लोगों ने एक मजबूत कम्युनिस्ट शक्ति बनाने के लिए




समाजवादी मोर्चे के गठन का फैसला किया है। सीपीएन (यूएस) भी समाजवादी मोर्चे में शामिल होगी।

उल्लेखनीय है कि प्रचंड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में शामिल नेपाली कांग्रेस को छोड़कर अन्य सभी दल प्रस्तावित समाजवादी मोर्चे का हिस्सा होंगे। समाजवादी मोर्चे में जो दल शामिल होंगे उनमें सीपीएन (एमसी), सीपीएन (यूएस), उपेंद्र यादव के नेतृत्व वाली जनता समाजवादी पार्टी (जेएसपी) और बाबूराम भट्टराई के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी हैं।

## युगांडा में आईएसआईएस से जुड़े आतंकियों का स्कूल पर हमला, 38 छात्रों समेत 41 की मौत

**कंपाला।** युगांडा में आईएसआईएस से जुड़े आतंकी समूह ने एक स्कूल पर हमला कर दिया। इस हमले में 38 छात्रों समेत 41 लोगों की मौत हो गयी। आठ लोगों के घायल होने की जानकारी भी साने आई है।

पश्चिमी युगांडा के मपांडवे कस्बे में आईएसआईएस से जुड़े अलाइड डेमोक्रेटिक फोर्स के बंदूकधारियों ने एक स्कूल पर हमला कर दिया। हमले में 41 लोगों की मौत हो गयी। इनमें से 38 छात्र थे। आठ अन्य लोग घायल हुए हैं। जिस जगह हमला हुआ, वह क्षेत्र कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की सीमा से जुड़ा है। मपांडवे के लुबिरिरा सेकंडरी स्कूल के छात्रावास में बच्चे, शिक्षक व अन्य कर्मचारी मौजूद थे, उसी समय अचानक हथियारबंद लोगों ने हमला कर दिया। इन लोगों ने स्कूल के छात्रावास में आग भी लगा दी।




युगांडा पुलिस के प्रवक्ता फ्रेड इनांगा ने बताया कि हमलावरों ने छात्रावास फूंक दिया और स्कूल के भोजनालय व उसके भंडार कक्ष को लूट लिया। स्कूल से बच्चों के शव निकाले जा रहे हैं। गंभीर रूप से घायल आठ लोगों को बवेरा अस्पताल में स्थानांतरित किया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। प्रवक्ता ने बताया कि युगांडा की पुलिस और युगांडा पीपल्स डिफेंस फोर्स संदिग्धों की तलाश में जुटे हुए हैं।

## खाकोवका बांध तबाह होने से आई बाढ़ में 16 की मौत, 31 लापता, 14 लाख लोग प्रभावित

**कीव।** यूक्रेन में खोकवका बांध के टूटने से आई बाढ़ से 16 लोगों की मौत हो गई है और 31 लोग लापता हैं। यूक्रेन के

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

क्रीमिया पर हमले का आरोप लगा रहा है। यूक्रेन के आंतरिक मामलों



के मंत्रालय ने बताया कि बाढ़ग्रस्त इलाकों से 3614 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है, जिनमें 474 बच्चे और 80 बुजुर्ग शामिल हैं। यूक्रेन के खेरसान और मिकोलेव प्रांत में अभी भी करीब 1300 घर बाढ़ से प्रभावित हैं।

**बाढ़ से 14 लाख लोग प्रभावित**

यूक्रेन में करीब 14 लाख लोग खाकोवा बांध के टूटने से आई बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित दक्षिण खेरसान, निप्रोपेत्रोस्क और मिकोलेव क्षेत्र के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। यूक्रेन सरकार ने बाढ़ प्रभावितों को 42 मिलियन डॉलर की आर्थिक मदद देने का एलान किया है। साथ ही जिन लोगों की संपत्ति को बाढ़ से नुकसान हुआ है, उन्हें भी अलग से आर्थिक मदद दी जाएगी।

**बढ़ सकता है मृतकों का आंकड़ा**

रूस के कब्जे वाले खेरसान प्रांत के प्रमुख आंद्रे एलेक्सेंको ने बताया कि 29 लोगों की मौत हुई है। जिनमें से 12 लोग ओलेस्की और 13 लोग होला प्रिस्टन और चार लोग नोवा खाकोवा इलाके के हैं। बता दें कि खेरसान प्रांत यूक्रेन की निप्रो नदी के पश्चिमी तट पर बसा है। पहले यहां रूस का कब्जा था लेकिन बाद में यूक्रेन ने वापस इस पर कब्जा कर लिया। खेरसान का कुछ हिस्सा निप्रो नदी के पूर्वी तट पर भी है, जो अभी भी रूस के कब्जे में है।

## दो बेटों को गोली मारकर पिता ने की हत्या, तीसरा खेत में भागा तो पकड़कर लाया और सुला दिया मौत की नींद

**ओहायो ।** अमेरिका के ओहायो से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पिता ने अपने तीन बच्चों को साथ में बिठाया और उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। हत्यारे पिता का नाम चैड डूअरमैन बताया गया है। उसे हाल ही में कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसने अपना जुल्म कबूल कर लिया। अदालत ने फिलहाल आरोपी को जेल भेज दिया है। इतना ही नहीं, आरोपी पर पत्नी को भी घायल करने का आरोप लगा है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को एक फोन आया, जिसमें एक व्यक्ति ने बताया कि एक घर से लोगों के चीखने चिल्लाने की आवाज आ रही है। वहीं, एक बच्ची बोल रही है कि उसके पिता सबको मार रहे हैं। सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचे। वहां, 3, 4 और 7 साल की उम्र के तीन लड़कों को घर के बाहर



गोलियों से छलनी पाया। बच्चों की जान बचाने की कोशिश की, लेकिन मौके पर ही मौत हो गई।

**आरोपी घर में ही बैठा मिला**

घटना कोलंबस से लगभग 75 मील पश्चिम में स्थित मोनरो टाउनशिप में हुई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची थी तो डूअरमैन घर पर एक स्टूल पर बैठा पाया मिला। शुक्रवार को उसे हत्या के तीन संगीन मामलों में आरोपित किया गया। अधिकारियों ने गोलीबारी के पीछे के मकसद का खुलासा नहीं किया है।

**मौत से पहले रची साजिश**

डूअरमैन को म्यूनिसिपल कोर्ट में शुक्रवार को पेश किया गया। यहां उसने बताया कि बच्चों को मारने से पहले ही उनकी मौत की साजिश रची थी। उन्हें पहले एक साथ खड़ा किया और फिर गोली मारी। बताया जा रहा है कि इस बीच, एक बच्चे ने खेत की ओर भागने की कोशिश तो आरोपी भी पीछे भागने लगा। बाद में, डूअरमैन बच्चे को पकड़कर घर वापस लाया और गोली मार दी। इस बीच, बच्चों को बचाने के लिए 34 वर्षीय मां बीच में आई तो उसके हाथ में भी गोली लग गई। मां को अस्पताल में भर्ती किया गया है। म्यूनिसिपल कोर्ट के क्लेरमोंट काउंटी के मुख्य अभियोजक डेविड गैस्ट ने इन हत्याओं को अबतक सबसे डरावना अपराध बताया है।